■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को दिवंगत उद्योगपति संजय कपूर की पत्नी प्रिया एस. कपूर और ब्रह्म मंदिरा कपूर सिंघ के एक-दूसरे के खिलाफ बयान देने पर रोक लगा दी। जस्टिस मिनी पुष्करणा ने यह आदेश प्रिया कपूर की ओर से ननद मंदिरा कपूर के खिलाफ दर्ज कराए गए मुकदमे पर दिया। प्रिया का आरोप है कि उनकी ननद पॉडकास्ट, इंटरव्यू, सोशल मीडिया पोस्ट और सार्वजनिक बयानों केजरिए लगातार दुर्भावनापूर्ण और बदनाम करने वाला अभियान चला रही है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से एक-दूसरे के खिलाफ बयान देने में संयम बरतने का निर्देश दिया है।

उन्नाव केस में बोला दिल्ली हाई कोर्ट, कुलदीप सेंगर के भाई सरेंडर करें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि बीजेपी से निकाले गए नेता कुलदीप सेंगर के भाई जयदीप सेंगर को सरेंडर कर देना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्नाव रेप पीड़िता के पिता की कस्टोडियल डेथ केस में मेडिकल ग्राउंड पर उन्हें पहले दी गई अंतरिम बेल को बढ़ाने का कोई आदेश नहीं था। कोर्ट जयदीप सेंगर की उस अर्जी पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें उनकी अंतरिम जमानत को तीन महीने बढ़ाने की मांग की गई थी। इसका सीबीआई ने विरोध किया है। 50 साल के जयदीप सेंगर ने ओरल कैसर से पीड़ित होने की वजह से जमानत की अवधि बढ़ाने की मांग की थी। कुलदीप सेंगर के साथ उन्हें भी इस केस में 10 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। सीबीआई के वकील ने कोर्ट से कहा कि यह अंतरिम जमानत बढ़ाने का सही मामला नहीं है। सीबीआई ने दावा किया कि जयदीप सेंगर ने अपनी अर्जी के सपोर्ट में जो प्रिस्क्रिप्शन जमा किया था, वह असली नहीं बल्कि बनावटी था। हाई कोर्ट ने गौर किया कि 3 जुलाई, 2024 को जयदीप सेंगर को मेडिकल ग्राउंड पर दो महीने के लिए अंतरिम जमानत दी गई थी, लेकिन इसे अनिश्चित काल के लिए बढ़ाने का सख्त आदेश नहीं था।

उन्नाव रेप पीड़िता के पिता की कस्टोडियल डेथ का मामला

AI Image

एक्ट्रेस प्रत्युषा की हत्या की आशंका से SC का इनकार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

तमिल-तेलुगु एक्ट्रेस प्रत्युषा की मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने हत्या की आशंका से इनकार कर दिया। हालांकि, मामले में आरोपी सिद्धार्थ रेड्डी को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी करार देते हुए चार साल के भीतर सरेंडर करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को गुंटिपल्ली सिद्धार्थ रेड्डी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने 23 वर्ष पुराने प्रत्युषा की मौत के मामले में आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में अपनी दोषसिद्धि को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस राजेश बिंदल की अगुवाई वाली बेंच ने यह फैसला सुनाया। साथ ही प्रत्युषा की मां सरोजिनी देवी की उस याचिका को भी खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि बेटी की हत्या की गई थी। अदालत ने गला घोंटकर हत्या की आशंका से इनकार किया और कहा, 'प्रत्यक्षदर्शी, चिकित्सकीय साक्ष्यों की प्रबलता पर सिद्ध करती है कि मौत जहर खाने से हुई। आरोपी के विरुद्ध रेप का अपराध सिद्ध नहीं होता।

सिद्धार्थ रेड्डी को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी ठहराया

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

ई-निविदा सूचना संख्या: एमईआर-ओएवाई-पीएसडीएल-जेएसजी-2 x 25 केवी, दिनांक: 16.02.2026: भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य विद्युत अभियंता (परिचालन), दक्षिण पूर्वरेलवे, 11, कोयेरी लेन, बेलियाघाटा, कोलकाता-700015 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: कार्य का नाम और उसका स्थान: 3000 मैट्रिक टन लोहित लदान को पूरा करने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के बंडामुंडा (लोधना)-झारसुगुडा (सर्विस) खंड के लिए 1x25 केवी से 2x25 केवी ट्रैक्शन प्रणाली में इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम के क्रमोन्नयन हेतु डिजाइन, आपूर्ति, स्थापन, जांच और शुरुआत कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 155,91,23,784.46/- बोली प्रतिभूति: ₹ 79,45,600 कार्य पूरा करने की अवधि: 24 महीना प्रस्ताव की वैधता: निविदा खुलने की तारीख से 120 दिन निशानदेही प्राप्त करने की आखिरी तारीख: 04.03.2026 पूर्व बोली दैठक: 06.03.2026 को सुबह 11.30 बजे भौतिक रूप से सभी दस्तावेज जमा करना: 06.04.2026। निविदा बंद होने की तारीख: 07.04.2026 (दोपहर 2.00 बजे भारतीय मानक समय) वेबसाइट का विवरण जहां निविदा का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सकता है: www.ireps.gov.in। निविदा दस्तावेज की कीमत: शून्य (PR-1197)

तीसरी क्लास से एआई की पढ़ाई का रोडमैप तैयार

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : क्लास से शुरू होने वाले नए सेशन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। शिक्षा मंत्रालय ने तीसरी से 12वीं क्लास में एआई की पढ़ाई का रोडमैप तैयार कर लिया है। नया कोर्स करिकुलम भी तैयार हो गया है। 3वीं क्लास तक के एआई करिकुलम पर चर्चा के लिए बुधवार को शिक्षा मंत्रालय और सीबीएसई के अधिकारियों के बीच मीटिंग है, जिसमें एआई के करिकुलम पर अंतिम मुहर लग जाएगी। 9वीं से 12वीं क्लास के छात्रों को पहले से ही एआई को एक विषय के रूप में पढ़ने का विकल्प मिलता है और 2026 में यही करिकुलम जारी रहेगा। सीनियर क्लासेस में एआई का नया करिकुलम 2027 से लागू हो जाएगा। 11वीं व 12वीं क्लास के लिए NCERT ने 16 मल्टिपार्ट की टेक्स्टबुक डिवेलपमेंट टीम बनाई है। स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने कहा, पारंपरिक शिक्षा प्रणाली में क्लास एक शिक्षक के लिए 40-50 छात्रों की कक्षा में हर बच्चे पर ध्यान देना मुश्किल होता है, एआई यही मुमकिन किया सकता है। पारंपरिक किताबों के अलावा वीडियो, एनिमेशन, पॉडकास्ट और हाव्स सामग्री (content appearance) जैसे प्रारूपों में सामग्री प्रदान करके कक्षा को और अधिक रोचक बना सकता है।

आज शिक्षा मंत्रालय और सीबीएसई के बीच बैठक

AI Image

IDBI BANK आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: आईडीबीआई टॉवर,
CIN No: L65190MH2004GOI148838 डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई 400005

(1) बैंक और नोडाइज एजीडीकेएन में कस्टमर एक्सीरियंस को बेहतर बनाने के लिए UI / UX एक्सीबिलटी / कस्टमईजेन के एप्लीकेशंस के लिए आरएफपी
(2) सर्वर, स्टोरेज, SAN स्विच, LTO टेप और सारकाड वाले ब्लेनीक फ्रांटेज की लगाई के लिए वेंडर्स के एप्लीकेशंस के लिए आरएफपी

आईडीबीआई बैंक उपरोक्त समाधान हेतु पात्र बोलीदाताओं से सीलबंद बोली आमंत्रित करता है। विवरण के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट https://www.idbi.bank.in (नोटिस और टेंडर) देखें।
नोट: उपरोक्त आरएफपी के संबंध में कोई और परिष्कृत / सुधार / तारीखों का विस्तार / स्पष्टीकरण / बोलीदाताओं के प्रश्नों के उत्तर केवल बैंक की वेबसाइट पर पोस्ट किए जाएंगे। समयावर यहाँ से इस हेतु कोई अलग से अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। अतः बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे इस संबंध में समय को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से बैंक की वेबसाइट देखते रहें।

मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड

निविदा हेतु आमंत्रण : MRVC-W-208B
(एकल पैकेट ई-प्रोक्योरमेंट निविदा प्रक्रिया)

मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लि., कॉर्पोरेट कार्यालय, दूसरी मंजिल, पार्थेनॉन स्टेशन भवन, मुंबई–400020 द्वारा "एसडीटी-सीआर के तहत पश्चिम रेलवे के दादर एवं पार्थेनॉन स्टेशनों के स्टेशन सुधार कार्य हेतु विभिन्न पुरातोपर (टीकोर्स) कार्यों की आपूर्ति, स्थापन, परीक्षण एवं कार्यान्वयन" हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के विवरण तथा निविदा दस्तावेज ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://www.eprocure.gov.in/eprocure/app पर उपलब्ध है। वेबसाइट https://www.eprocure.gov.in/eprocure/app पर पंजीकृत ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 23.03.2026 दोपहर 15:00 बजे तक है। शुद्धिपत्र, यदि कोई है, केवल वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जायेगा।

E-Mail eebal.bmr.phed@rajasthan.gov.in & PH. 02988-294706
कार्यालय अधिशाषी अभियंता जन स्वा अभि विभाग खण्ड बालोतरा

क्रमांक अअ/जनस्वा/बालो/2025-26/3196 - 3213 दिनांक 06.02.2026

-:नीलामी निविदा सूचना:-

सर्व साधारण की सूचित किया जाता है कि राजस्थान के समाचार की और से समय-समय पर अनुमोदनी हुए सामान की निलामी दिनांक 11.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे 04:00 बजे तक की जायेगी। उनका विवरण निम्नानुसार है-

1. एम.एस. पार्टस स्क्रेप 300 एमएस, 350 एमएस, 450 एमएस एवं 500 एमएस।

इच्छुक खरीदार उपरोक्त वर्णित सामान का निरीक्षण इस विभाग में दिनांक 11.03.2026 को कार्यालय समय में आकर कर सकते है। नीलामी बोली में सम्मिलित होने वाले व्यक्ति को राशि रु. 140880.00 अथवा 2 प्रतिशत धरोहर राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट द्वारा जमा कराना होगा तथा नीलामी बोली अंतिम बोली छूटने पर बोली की राशि की भौगतां स्थान जमा करानी होगी, अन्यथा उनकी धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी। उपरोक्त बोली स्वीकृत होने के सात दिन के भीतर शेष राशि तथा विभागानुसार देय सेवा टैक्स की राशि जमा कराने पर माल सुपर्द कर दिया जायेगा। अन्यथा उनकी भौगतां स्थान जब्त कर ली जायेगी। राज्य सरकार उपरोक्त बोली स्वीकृत करने हेतु प्रतिबंधित अथवा बाध्य नहीं है। उपरोक्त बोली को बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है। नीलामी की अन्य शर्तें नीलामी प्रारंभ होने से पूर्व बता दी जायेगी। नीलामी संबंधी पूर्ण अधिकार निलामी कमेटी में निहित है तथा समिति का निर्णय सर्वमान्य व अंतिम होगा। निलाम किये जाने वाला अनुपयोगी/अप्रयोजित घोषित भण्डार सामान बिना पर पुनाक मूल्य लगभग 70.44 लाख।

नीलामी स्थान -
जन स्वास्थ्य अभि विभाग खण्डीय स्टोर
सूनी नदी किनारे जसोल रोड
बालोतरा फोन नम्बर 02988-294706
NIB No. PHE25264A242
UBN No. PHE25264GLOB13392

DIPR/C/2936/2026

(प्रकाश)
अधिशाषी अभियंता
जन स्वा अभि विभाग
खण्ड बालोतरा

कार्यालय अधीक्षक, नवीन चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज परिसर, कोटा
फोन / फैक्स : 0744-2662000 E-Mail: purchasenmchkota@gmail.com

क्रमांकः प्र( ) / नविचको / लेखा / 2025-26 /1983 दिनांक : 09/02/2026

अल्पकालीन ई-बोली आमन्त्रण-सूचना

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से नवीन चिकित्सालय मेडिकल कालेज कोटा के निम्न सेवा उपचार कार्यों के लिए कुल राशि 03 करोड़ रूपये की ई-उपचार पद्धति से खुली ठ्रांसेटी बोलियाँ आमंत्रित की गई है इसके संबंधित समस्त विवरण एवं सूचनाएं www.sppp.raj.nic.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है बोलियाँ एवं राशि निम्न प्रकार है:-

क्र. सं.	उपचार क्रमांक	कार्य का नाम	यू.बी.एम. चार्ज	राशि
1	15	चिकित्सा महाविद्यालय कोटा एवं संलग्न चिकित्सालय में अग्नि शैन्य निर्माण हेतु (ट्रीम इण्डस्ट्रीज) आपूर्ति करने बाबत् ड्रिमवॉक्स का संचित	CMK2526G LRO0272	3,00,00,000/-

DIPR/C/3117/2025

अधीक्षक
नवीन चिकित्सालय, कोटा

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय प्रगति विहार लोधी रोड, नई दिल्ली-03

साक्षात्कार सूचना (शैक्षणिक सत्र 2026–27)

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय प्रगति विहार, लोधी रोड,नई दिल्ली में पूर्णतः अंशकालीन संविदा अनुबंध के आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए दर्शायी गई तिथि एवं समय पर निर्धारित योग्यता रखने वाले इच्छुक उम्मीदवारों के सीधे साक्षात्कार (Walk in Interview) द्वारा पैनल तैयार किया जाना है:–

क्र.स.	पदनाम	साक्षात्कार तिथि/ पंजीकरण का समय
1.	स्नातकोत्तर शिक्षक-(गृहविज्ञान, रसायन शास्त्र, जीव-विज्ञान, संगणक विज्ञान, राजनीति विज्ञान, गणित, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, हिंदी, अंग्रेजी, म्यूसेल, इतिहास) प्रशिक्षक स्नातक शिक्षक-(विज्ञान, गणित, हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान) प्राथमिक शिक्षक, संगणक अनुदेशक, सेलकूट प्रशिक्षक, संगीत एवं नृत्य प्रशिक्षक, योग प्रशिक्षक, नर्स, कॉन्सलर, विशेष शिक्षक (Special Educator), कला प्रशिक्षक	23.02.2026 पंजीकरण का समय प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक साक्षात्कार प्रारंभ प्रातः 10:30 बजे से

आवेदन प्रपत्र विद्यालय की वेबसाईट https://pragativihar.kvs.ac.in/ से डाउनलोड कर सकते है और दस्तावेजों की स्वसत्यापित छायाप्रतियों संलग्न कर दस्तावेजों के मूल प्रतियों के साथ निर्धारित तिथि और समय प्रातः 8 बजे पर उपस्थित हों शैक्षणिक योग्यता तथा सानदेय की सूचना विद्यालय की वेबसाईट https://pragativihar.kvs.ac.in/ पर उपलब्ध है। उम्मीदवारों को अपने साथ 02 रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है। आयु-सीमा 01.04.2026 को 18 से 65 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उम्मीदवारों को सीधे साक्षात्कार हेतु किसी भी प्रकार का TA/DA नहीं दिया जायेगा। उक्त पद पर सेवाएँ अंशकालीन संविदा अनुबंधन के आधार पर ही ली जायेंगी तथा आवेदक भविष्य में किसी भी प्रकार से नियमित नियुक्ति अथवा वरीयता का दावा केंद्रीय विद्यालय संगठन / पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय प्रगति विहार नई दिल्ली में नहीं कर सकते है। रिक्त पद भर जाने, अवकाश से शिक्षक के लौटने पर अथवा अन्य किसी कारण से बिना बताए सेवाएँ समाप्त की जा सकती है। निर्धारित समय के बाद किसी अभ्यर्थी का साक्षात्कार हेतु पंजीकरण नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। कंप्यूटर का बुनियादी ज्ञान सभी पदों के लिए वांछनीय है।

प्राचार्य

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पश्चिम विहार एवं केंद्रीय विद्यालय शकूरबस्ती, नई दिल्ली - 110067
संपर्क सूत्र: 011-43055822, 011-25269441

संविदा आधारित पाक-इन साक्षात्कार हेतु शुद्धि पत्र

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पश्चिम विहार एवं केंद्रीय विद्यालय शकूरबस्ती द्वारा दिनांक 15 फरवरी 2026 को जारी साक्षात्कार सूचना में दिनांक 23 फरवरी 2026 को निर्धारित साक्षात्कार अब दिनांक 26 फरवरी 2026 को आयोजित किया जायेगा।
22 फरवरी 2026 को होने वाला साक्षात्कार यथावत रहेगा। अपडेटेड सूचना हेतु हमारी वेबसाइट पर जाएं या विद्यालय सूचनापट्ट देखें।
Website https://pschimvihar.kvs.ac.in/

प्राचार्य

ARMY LAW COLLEGE, PUNE
Old Pune-Mumbai Highway (NH-4),
Saibaba Sewadham, Kanhe, Pune- 412106
Contact No: 02114-297339 & Mob 8149930388, 9971435277,
Website: www.alcpune.com

AMENDMENT TO NOTICE FOR EXPRESSION OF INTEREST (EOI)

1. Refer our Advertisement on the subject published in Times of India, Indian Express & Navbharat Times (Delhi edition) and Loksatta & Maharashtra Times (Pune edition) dated 28 Jan 26.
2. Following Amendments are hereby carried out in the para 2 of above-mentioned advertisement: -
For.
2.1. Para 2.3. Last date for Submission of EOI & Bids -17 Feb 2026 (1200 hours)
2.2. Para 2.4. Opening of Technical Proposals - 17 Feb 2026 (1300 hours onwards)
Read.
2.1. Para 2.3. Last date for Submission of EOI & Bids - 27 Feb 2026 (1200 hours)
2.2. Para 2.4. Opening of Technical Proposals - 28 Feb 2026 (1300 hours onwards)
3. Detailed scope of work will be strictly as per EOI uploaded on college website www.alcpune.com

OIC ALC
For Engineer-in-Charge
Project Management Group
Army Law College Pune

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।

सर्वसाधारण के लिए सूचना।

नाम–प्रिंस कुमार, उम्र–18 वर्ष, ऊँचाई–5 फीट, 7 इंच, रंग–गोरा, पहनावा–सफेद–काला चेक रंग का टी शर्ट एवं काला रंग का स्पोर्ट पैंट पहने हुए है।

उपरोक्त लापता लड़का प्रिंस कुमार, उम्र–18 वर्ष, पिता–ओम प्रकाश पोद्दार, पता–जेएमी० मार्केट, थाना–विधानसभा, जिला–राँची जो दिनांक–03.02.2026 को अपने घर से बगैर बताए कहीं चले गए है जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में विधान सभा थाना संख्या सं०–13/2026, दिनांक–09.02.2026 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़का कहीं मिलता / दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपअधीक्षक, द्वितीय, राँची। –9431706142
थाना प्रभारी विधान सभी, राँची। –8987790604

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR 373165 (Police) 25-26 (D)

उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेंडर सं०: पीएसएचआईजी-शिल-428-2025-26 दिनांक: 13.02.2026

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता/सम-व्यय/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा निमंत्रित प्रपत्र पर दिनांक 09.03.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

कार्य का विवरण: प्रयागराज मंडल के सीनियर डी.एस.टी.ई./अलीगढ़ के कौशरा से शिवियाना तथा ग्रांट लाइन सेक्शन में स्थापित Eldyne Make MSDAC का 24 महीने अवधि हेतु व्यापक रखरखाव का अनुबंध।

अनुमानित मूल्य (रुपये में): ₹ 58984258.56 (पाँच करोड़ नवासी लाख चौरासी हजार दो सौ अट्ठावन रुपए और छप्पन पैसे केवल)।

निविदा प्रतिभूति/धरोहर राशि (रुपये में): ₹ 444900.00

कार्य समाप्त की अवधि: 24 माह निविदा बंद होने/खुलने की तिथि : 09.03.2026

निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता: निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जाएंगे। धरोहर की राशि जमा करना एवं उसका रूप: निविदाओं में निर्धारित उपरोक्त धरोहर राशि निविदा प्रपत्र के साथ जमा की जाएगी बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतः अस्वीकृत कर दी जाएगी। निविदा खुलने का समय, तिथि एवं स्थान: निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को 15.30 बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मंडल रेल प्रबन्धक प्रयागराज के कार्यालय में खोली जाएगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन कार्य दिवस पर खोली जाएगी। निविदा की वैधता: निविदा खुलने के 60 दिन तक। निविदा सम्बन्धित रेलवे के अधिकार: रेलवे प्रशासन का किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। 349/26(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

पूर्वोत्तर रेलवे
Website: www.ner.indianrailways.gov.in, Email: cos@ner.railnet.gov.in

निविदा सूचना संख्या: 50 दिनांक 16-02-2026

ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा आमंत्रण

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर-273012 द्वारा भारत के राष्ट्रपति तथा उनकी ओर से ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र. सं.	निविदा संख्या	खुलने की तिथि	सामग्री का विवरण	मात्रा
1	22251598A	15-04-2026	पीओएच बिट फॉर इंजीओ कोच ब्रेक सिलिंडर ईटीसी।	159 Sets
2	24251230	27-03-2026	ब्रेक शू एस पर आरडीएसओ ड्राइंग नं. डी/बीडी–1753 ईटीसी।	19500 Nos.
3	26255244	16-03-2026	टेनएटन कार्बाइड टर्निंग टूल ईटीसी।	30 Sets.
4	26260527	12-03-2026	फोलीवैक्सल पीवीसी फ्लोरिंग विथ पीवीसी ईटीसी।	70350 Mtrs.
5	26260669	12-03-2026	सप्लाई आफ बिलो प्रेस विथ मेटा/पैस ईटीसी।	850 Sets.
6	24260143	12-03-2026	पॉलयूरेथेन विंग पैड फार डब्लूएपी–4 लोकोमोटिव्स ईटीसी।	6404 Nos.
7	26255170	11-03-2026	नेनुपैक्चरर एण्ड सप्लाई आफ पीएसी लेवल ईटीसी।	As Per NIT
8	22251425	10-03-2026	ओवरहालिंग फिट फॉर ब्रेक सिलिंडर्स ईटीसी।	966 Sets.
9	30261174	10-03-2026	इमरजेंसी लाइट यूनिट फॉर इंजीओ टाईप एलएचबी कोचेज ईटीसी।	4500 Nos.
10	28250989	10-03-2026	पिलो फॉर सेकेन्ड एंड थर्ड एसी कोचेज ईटीसी।	119330 Nos.
11	30250490	09-03-2026	प्लाइड सॉकेट अडैप्टी फार IV कपलर ईटीसी।	945 Nos.
12	28250704	09-03-2026	डिसोल्वेड एसिटिलीन गैस फॉर इंडस्ट्रियल ईटीसी।	237738 Cum
13	26255145A	05-03-2026	नेनुपैक्चरिंग एंड सप्लाई ऑफ 10125 एमएम ईटीसी।	96 Sets.
14	22251107A	05-03-2026	प्राइमरी वर्टीकल डैम्पर फॉर स्प्रिंग बोगीज ईटीसी।	7751 Nos.
15	22251705	05-03-2026	टेफ्लोटी कॉस 1/2 इंच क्रोम प्लेटेड ईटीसी।	71696 Nos.
16	29245187	05-03-2026	इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ सेंट्रल ईटीसी।	As Per NIT
17	29255138	05-03-2026	सप्लाई, इंस्टालेशन, इंस्टालेशन एंड टेस्टिंग ईटीसी।	28 Sets.
18	22251064	03-03-2026	मिलास सूलेट फॉर, फिक्स्ड स्टिंको फॉर एसी ईटीसी।	8107 Nos.

मुजफ्फ/एस–83 प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक,

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP14 User: cci Time: 02-17-2026 21:50 Color:

AI में आत्मनिर्भर बने भारत, लक्ष्य है कि टॉप 3 देशों में हम हों: मोदी

भारत की राजधानी मे पहली बार इंडिया AI इंपैक्ट समिट 2026 का आयोजन हो रहा है। यह पहली बार है जब इतने बड़े स्तर का वैश्विक AI सम्मेलन ग्लोबल साउथ मे हो रहा है। इस समिट का मंत्र है, सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय यानी सबका भला, सबकी खुशहाली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ANI को दिए विशेष इंटरव्यू मे इस समिट की सोच और भारत के विजन पर विस्तार से बात की:

Q समिट का विजन क्या है और यह मंत्र क्यो चुना गया?

आज AI एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां यह इंसान की क्षमताओं को बहुत बढ़ा सकता है, लेकिन अगर इसे सही दिशा न दी जाए तो यह समाज के लिए चुनौती भी बन सकता है। इसलिए हमने इस समिट को इंपैक्ट यानी असर पर केंद्रित किया है। AI दुनिया भर के डेटा और ज्ञान पर आधारित है, इसलिए उसका फायदा भी सबको मिलना चाहिए, सिर्फ कुछ लोगों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। भारत, जो ग्लोबल साउथ का हिस्सा है, उन देशों की आवाज भी सामने ला रहा है जिनकी बात अक्सर कम सुनी जाती है।

Q AI, विकसित भारत 2047 में कैसे मदद करेगा?

AI भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने में बड़ा मौका है। सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए तो यह बड़ी समस्याओं का समाधान कर सकता है और नए रोजगार भी पैदा कर सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में AI टीबी, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मिर्गी जैसी बीमारियों की शुरुआती पहचान में मदद कर रहा है। शिक्षा में AI आधारित प्लेटफॉर्म बच्चों को उनकी भाषा में पढ़ाई में मदद कर रहे हैं। यहां तक कि पुरानी पांडुलिपियों को डिजिटल रूप में सुरक्षित करने में भी AI मदद कर रहा है। दुनिया जहां डर रही है कि AI से असमानता बढ़ेगी, वहीं भारत इसका इस्तेमाल अंतर कम करने के लिए कर रहा है।

Q AI में बायस और सीमाओं को लेकर क्या स्थिति है?

AI में बायस की चिंता आज भी उतनी ही गंभीर है। अगर AI सिर्फ अंग्रेजी या शहरों के डेटा पर आधारित होगा तो गांव और क्षेत्रीय भाषाओं के लोगों के लिए ठीक से काम नहीं करेगा। भारत जैसे विविधता वाले देश में यह बड़ा मुद्दा है। इसलिए हम अलग-अलग भाषाओं और समाज के अनुसार डेटा तैयार करने पर जोर दे रहे हैं। हमारे संस्थान और टेक कंपनियां इस पर रिसर्च कर रही हैं।

Q डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे आधार, UPI और AI का मेल क्या सीख देता है?

भारत ने डिजिटल स्ट्रक्चर सार्वजनिक भलाई के लिए बनाया गया है, किसी एक कंपनी के लिए नहीं। यह खुला और सबके लिए उपलब्ध है। हमने शुरुआत से ही इसे बड़े पैमाने पर और सबको ध्यान में रखकर बनाया। अब नया AI को इस ढांचे में जोड़ा जाएगा तो सरकारी योजनाएं और बेहतर और पारदर्शी होंगी। लेकिन साथ ही डेटा सुरक्षा और मजबूत कानून भी जरूरी है। हमारा लक्ष्य है कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का फायदा गांव के किसान से लेकर छोटे व्यापारियों और महिलाओं तक पहुंचे।

Q युवाओं को नौकरी जाने का डर है। क्या किया जा रहा है?

डर के समाधान की तैयारी है। हम बड़े पैमाने पर स्किलिंग और री-स्किलिंग कार्यक्रम चला रहे हैं। इतिहास गवाह है कि नई तकनीक नई नौकरियां भी लाती है। स्टैनफोर्ड AI वाइब्रेंसी इंडेक्स 2025 में भारत तीसरे स्थान पर है। सही कौशल के साथ हमारे युवा भविष्य का नेतृत्व करेंगे।

Q भारत AI युग मे अपनी प्रतिभा को कैसे आगे बढ़ाएगा?

भारत के पास प्रतिभा और डाटा है। हमें सिर्फ AI का उपयोग नहीं करना है, बल्कि उसे बनाना भी है। बजट 2026-27 में डेटा सेंटर और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा दिया गया है। IndiaAI प्रेमवर्क के तहत स्टार्टअप्स और रिसर्च संस्थानों को हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग की सुविधा दी जा रही है। सेमीकंडक्टर, AI सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और डिजिटल स्किलिंग पर भी जोर है। हम सिर्फ भाग नहीं ले रहे, बल्कि AI क्रांति को आकार देने की तैयारी कर रहे हैं।

Q IT सेक्टर पर AI का क्या असर होगा?

AI हमारे IT सेक्टर को बदलेगा, खत्म नहीं करेगा। अनुमान है कि 2030 तक IT सेक्टर 400 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। सरकार ने IndiaAI मिशन शुरू किया है। चार सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, स्मार्ट सिटी) और पांच स्किलिंग सेंटर बनाए गए हैं। हमारा लक्ष्य है कि भारत सिर्फ सेवाएं ही न दे, बल्कि AI उत्पाद और प्लेटफॉर्म भी बनाए।

Q AI के दुरुपयोग से सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी?

तकनीक इंसान के हाथों पर निर्भर करती है। इसलिए जिम्मेदारी इंसान की है। हमें AI के लिए वैश्विक नियम चाहिए, जैसे हवाई यात्रा के नियम होते हैं। भारत ने जनवरी 2025 में IndiaAI Safety Institute शुरू किया। डीपफेक और फर्जी कंटेंट पर रोक के लिए नियम बनाए गए हैं। डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट भी लागू किया गया है। हमारा लक्ष्य है, इनोवेशन और सेफ्टी दोनों साथ चलें।

Q आत्मनिर्भर भारत मे AI की क्या भूमिका होगी?

आत्मनिर्भर भारत का मतलब है- तकनीक सिर्फ इस्तेमाल न करें, बल्कि खुद बनाएं। हमारा लक्ष्य है कि भारत दुनिया के शीर्ष तीन AI देशों में हो। हम चाहते हैं कि हमारे AI मॉडल दुनिया भर में इस्तेमाल हों, हमारे स्टार्टअप्स वैश्विक स्तर पर बड़े बनें, और हर भारतीय AI को अवसर के रूप में देखे, खतरे के रूप में नहीं। IndiaAI मिशन के जरिए हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि AI हमारी सोच, हमारे मूल्यों और हमारे लोगों के हित में काम करे।

मेटा, X... सभी को कानून के दायरे में काम करना होगा: वैष्णव

Alpyu.Singh
@timesofindia.com

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने AI समिट में कई मुद्दों पर की बात

■ **नई दिल्ली:** केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देश आने वाले 2 सालों में 200 बिलियन डॉलर से ज्यादा के निवेश की उम्मीद कर रहा है। मंत्री ने AI इंपैक्ट समिट में सोशल मीडिया पर उम्र के आधार पर कैसा कंटेंट पहुंचना चाहिए और डीपफेक को लेकर रेगुलेशन समेत कई मुद्दों पर बात की। इसके अलावा वैष्णव ने कहा कि सरकार अब AI का यूनीआई बनाने की दिशा में सोच रही है। वैष्णव ने AI इंपैक्ट समिट के पहले दिन अव्यवस्था को लेकर मांगी मांगते हुए कहा इस संबंध में अगर किसी को शिकायत है तो वो आगे आकर रिपोर्ट कर सकते हैं। जहां तक नेटफ्लिक्स, मेटा और X का सवाल है तो सबको देश के कानूनी प्रेमवर्क और संविधान के दायरे में काम करना होगा। केंद्रीय मंत्री ने इस तरह के संकेत दिए हैं कि सरकार आने वाले वक्त में डीपफेक और सोशल मीडिया पर उम्र के आधार पर कंटेंट को लेकर कड़े रेगुलेशन ला सकती है। वैष्णव ने कहा कि कई देश ये मान चुके हैं कि उम्र के आधार पर कंटेंट और एक्सेस कंट्रोल करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत ने डेटा प्रोटेक्शन कानून में ऐज बेस्ड कैटेगरी बनाई थी, जिसमें इस बात का जिक्र है कि कौन सा कंटेंट बच्चों की पहुंच में होना चाहिए और कौन सा नहीं। अब किस तरह के कड़े रेगुलेशन की जरूरत है, इसकी बात भी चल रही है।

200 बिलियन डॉलर का होगा निवेश अगले दो साल में AI में

नकारात्मक AI से निपटने के लिए बात जारी...

वैष्णव ने कहा कि ग्लोबल लीडर्स में इस बात को लेकर सहमति है कि हर किसी को लगता है कि AI का इस्तेमाल सकारात्मक कामो के लिए ही होना चाहिए। नकारात्मक प्रभाव से निपटने के लिए एक टेक्नो लीगल अप्रोच जरूरी है। AI सेफ्टी इंस्टिट्यूट के जरिए हम इस तरह के सॉल्यूशन तैयार करने की दिशा में काम कर रहे है, जिससे कि AI के नकारात्मक प्रभाव को खत्म किया जा सके। AI को ये डवी औद्योगिक क्रांति करार दिया और कहा कि इसके कारण हेल्थ केयर से लेकर एजुकेशन सब किफायती हो जाएगा। वैष्णव ने कहा कि AI स्टैक के पांचो स्तरों के जरिए निवेश आ रहा है। डीमांड के लिए फंड के साथ साथ बड़े सॉल्यूशन्स और एप्लीकेशन्स के लिए भी फंड की प्रतिबद्धता देख रहे है।

AI समिट लाइव

डॉक्टरों का सहयोगी बनेगा AI, रिप्लेस नहीं करेगा: मंत्री

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि AI डॉक्टरों और हेल्थ प्रोफेशनल्स की जगह नहीं ले सकता, बल्कि उनका सहयोगी बनेगा। समिट में उन्होंने कहा कि AI से जुड़ी आशंकाएं 'काफी हद तक निराधार' हैं। AI नियमित और अधिक सरल्या वाले कार्यों को संभालेगा, जिससे डॉक्टर जटिल मामलों और क्लिनिकल निर्णयों पर अधिक ध्यान दे सकेंगे। उन्होंने विकित्सा समुदाय से AI साक्षर बनने का आह्वान किया और क्रियाशील, नैतिक तथा जिम्मेदार AI उपकरण विकसित करने पर जोर दिया।

तो कार्गो हैंडलिंग में होगी 20 हजार करोड़ की बचत

आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के सदस्य गौरव वल्लभ ने कहा है कि भारत यदि बंदरगाहों पर कार्गो हैंडलिंग में AI का इस्तेमाल करे तो करीब 20,000 करोड़ रुपये की बचत कर सकता है। समिट के एक सेशन में उन्होंने कहा कि लॉजिस्टिक्स लागत में हर साल करीब 15,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त बचत संभव है। वल्लभ ने कहा कि सवाल यह नहीं है कि AI भारत के बंदरगाहों को बदलेगा या नहीं, बल्कि यह है कि भारत इसमें नेतृत्व करेगा या नहीं। भारत की लॉजिस्टिक्स लागत जीडीपी का 7.97% है, जो प्रतिस्पर्धी है, लेकिन विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के लिए बंदरगाहों को अधिक स्मार्ट बनाना होगा।

AI भारत के डिजिटल इंफ्रा को देगा पावर: Jio CTO

रिलायंस Jio के मोबिलिटी CTO श्याम प्रभाकर माहौकर ने कहा है कि AI भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के अगले चरण को पावर देगा। समिट में उन्होंने कहा कि कनेक्टिविटी और कंप्यूट के एकीकरण से नागरिकों, उद्योगों और सरकार के बीच संवाद का तरीका बदल जाएगा। डिजिटल पेमेंट, ऑनलाइन बैंकिंग, आधार आधारित पहचान और डिजी यात्रा जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए भारत पहले ही जनसंख्या स्तर पर डिजिटल ढांचा खड़ा करने में कई विकसित देशों से लगभग एक दशक आगे है। माहौकर ने कहा, 'भारत का डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर एक बड़ी सफलता की कहानी है।'

AI को पूरी क्षमता के साथ इस्तेमाल करें युवा: प्रधान



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि AI भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। समिट में उन्होंने युवाओं से AI की पूरी क्षमता का उपयोग करने और इसके अवसरों को अपनाने का आह्वान किया। प्रधान ने कहा कि भारत एक बहुआयामी, बहुसांस्कृतिक और बहुभाषी समाज है, जिसकी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत है। ऐसे जटिल सामाजिक ढांचे को समझने और उसकी बहुस्तरीयता को साधने में एआई एक प्रभावी उपकरण बन सकता है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे AI से डरें नहीं, बल्कि इसके साथ कदम मिलाकर चलें।

भारतीय भाषाओं के लिए बनाया गया AI मॉडल, टेक्स्ट, इमेज और ऑडियो समझने की पावर

स्वदेशी AI लार्ज मल्टि-मॉडल Bharat Gen हुआ लॉन्च

Pradeep.Tiwari
@timesofindia.com

केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने इंडिया AI इंपैक्ट समिट में स्वदेशी मल्टि-मॉडल Bharat Gen को लॉन्च किया।

■ **नई दिल्ली:** आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारत ने मंगलवार को स्वदेशी लार्ज लैंग्वेज मल्टि-मॉडल (LLM) Bharat Gen लॉन्च किया। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने AI समिट में सरकारी मदद वाले इस मॉडल को लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि यह कई भारतीय भाषाओं के लिए विकसित किया गया पहला सरकारी फंडेड स्वदेशी AI मॉडल है। Bharat Gen को नैशनल मिशन ऑन इंटरडिसिप्लिनरी साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (NM-ICPS) के तहत बनाया गया है। यह टेक्स्ट, इमेज और ऑडियो को प्रोसेस करने और समझने में सक्षम है, इसीलिए इसे मल्टि-मॉडल कहा जा रहा है। Bharat Gen को हिंदी, मराठी, तमिल, मलयालम, बंगाली, पंजाबी, गुजराती, तेलुगु, कन्नड़ जैसी 22 भारतीय भाषाओं में काम करने के लिए डिजाइन किया गया है। एक्सपर्ट का मानना है कि Bharat Gen के मार्केट में आने के बाद ChatGPT, Gemini, Grok, Meta जैसे बड़े प्लेयर्स को मार्केट में पहले से मौजूद है, उन्हें कड़ी टक्कर मिल सकती है।

केंद्रीय मंत्री ने AI समिट में लॉन्च किया मॉडल, गिनाई इसकी खासियतें

मंत्री ने अपने क्षेत्र का दिया उदाहरण

■ डॉ. जितेंद्र ने इस प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय मिशन बताते हुए कहा कि Bharat Gen का लक्ष्य ऐसा AI सिस्टम विकसित करना है जो नैतिक, समावेशी, बहुभाषी और भारतीय मूल्यों में रचा-बसा हो। इससे देश के विभिन्न क्षेत्रों और भाषाई समुदायों के लिए क्षेत्र-विशिष्ट AI एप्लिकेशन तैयार किए जा सकेंगे। Bharat Gen का सबसे बड़ा महत्व इसकी मल्टीमॉडल क्षमता में है। इससे स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और प्रशासन जैसे क्षेत्रों में व्यापक बदलाव की संभावनाएं हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री ने अपने संसदीय क्षेत्र का उदाहरण देते हुए बताया कि किस तरह AI आधारित टेलीमेडिसिन सेवाओं में 'AI डॉक्टर' मरीज की स्थानीय भाषा में बातचीत करता है। इससे मरीज का भरोसा बढ़ता है।

अहम क्यों है यह मॉडल

- इसे भारतीय भाषाओं के डेटा से प्रशिक्षित किया गया है ताकि यह स्थानीय संदर्भों, बोलियों और सांस्कृतिक बारीकियों को बेहतर से समझ सके। स्थानीय बोली-भाषा और सांस्कृतिक समझ की वजह से यह प्रासंगिक है।
- Bharat Gen मॉडल्स को डिजाइन इस तरह किया गया है कि डेटा भारत के नियंत्रण में रहे, जिससे विदेशी डेटा निर्भरता कम हो और डेटा-संप्रभुता बनी रहे।
- इस मॉडल को नैतिक, समावेशी और सुरक्षित AI समाधान देने के लिए विकसित किया गया है, ताकि सभी वर्गों को इसका लाभ मिल सके।
- यह मॉडल छात्रों और दूसरे लोगों को AI समाधानों को विकसित करने के लिए एक आधार प्लेटफॉर्म दे रहा है। इससे भारत में AI रिसर्च और स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूती मिलेगी।
- इसे खास तौर पर उन भारतीय भाषाओं के लिए तैयार किया गया है जिनका डिजिटल डेटा कम है, ताकि कम संसाधन में भी बेहतर प्रदर्शन किया जा सके। इससे दुर्लभ भाषाओं और बोलियों को भी AI मदद मिल पाएगी।

बिल गेट्स पर विवाद, समिट में आएंगे या नहीं?

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स के इंडिया AI इंपैक्ट समिट में हिस्सा लेने को लेकर विवाद हो गया है। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस संबंध में पत्रकारों के सवालों का सीधा जवाब नहीं दिया, गेट्स का नाम भी नहीं लिया। वैष्णव ने कहा कि किसी के आने या न आने का फैसला निजी है, जिस पर वह कोई कमेंट नहीं करेंगे। दरअसल, मंगलवार को सोशल मीडिया पर खबरें सामने आई थीं कि बिल गेट्स समिट में हिस्सा नहीं लेंगे और उनका नाम वेबसाइट की स्पीकर लिस्ट से हटा दिया गया है। हालांकि, इसके बाद गेट्स फाउंडेशन ने X पर सफाई दी और कहा कि बिल गेट्स समिट में शिरकत करेंगे और भाषण भी देंगे। गेट्स फाउंडेशन के बयान में भारत को AI में दुनिया का बड़ा लीडर बताया गया है। इसके साथ ही इसमें पीएम नरेंद्र मोदी की लीडरशिप की भी सराहना की गई है। बता दें कि एक दिन पहले सोमवार को बिल गेट्स आंध्र प्रदेश के असावती पहुंचे। जहां आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने उनका स्वागत किया। इसके अलावा नायडू ने सरकार की टेक्नोलॉजी बेस्ड पहलों का प्रेजेंटेशन भी दिया। हाल ही में अमेरिकी न्याय विभाग की ओर से यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन की फाइल्स जारी की गई है, जिसमें बिल गेट्स का नाम कई बार आया है। इस संबंध में विपक्षी दलों के कई नेताओं की ओर से तीखी प्रतिक्रिया भी देखने को मिली थी। बिल गेट्स को गुरुवार को एआई इंपैक्ट समिट में भाषण देना है।

केंद्रीय IT मंत्री ने सवालों का सीधा जवाब नहीं दिया, गेट्स का नाम भी नहीं लिया

आंध्र प्रदेश के CM की पोस्ट पर कमेंट

बता दें कि आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने साल 1997 का जिक्र कर सोशल मीडिया पर लिखा कि उनकी पहली मुलाकात गेट्स से उसी साल हुई थी। उन्होंने कहा कि उस दौरान टेक्नॉलजी इको सिस्टम बनाने को लेकर जो बातचीत हुई थी वो अब इनोवेशन का मिशन बन गया है। हालांकि नायडू के पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर उनकी गेट्स के साथ करीबी को लेकर कई यूजर्स ने नकारात्मक तरीके से देखा और प्रतिक्रिया दी।

'बिना जांच अस्पतालों में नहीं लगेगी AI तकनीक'

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** स्वास्थ्य सेवाओं में AI के सुरक्षित इस्तेमाल की दिशा में सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। AI इंपैक्ट समिट के दूसरे दिन **केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा** ने SAHI (स्ट्रेटजी फॉर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस इन हेल्थकेयर फॉर इंडिया) और BODH (बेंचमार्किंग ओपन डेटा प्लेटफॉर्म) नाम के दो नए प्लेटफॉर्म लॉन्च किए। कहा कि इनकी मदद से अब अस्पतालों में इस्तेमाल होने वाले एआई सिस्टम को नियमों और जांच की प्रक्रिया से गुजरना होगा। उन्हें नेशनल हेल्थ अथॉरिटी के साथ मिलकर आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों ने तैयार किया है। इस दौरान नीति विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों ने इस बात पर जोर दिया कि भारत जैसे बड़े और विविध देश में एआई के इस्तेमाल के लिए एक समान नियम होना जरूरी है। सरल भाषा में समझें तो SAHI एक तरह की गाइडलाइन या नियमों का ढांचा है। इससे यह तय होगा कि एआई टूल्स कैसे बनाए जाएंगे, उनकी जांच कैसे होगी और अस्पतालों में उन्हें कब और कैसे लागू किया जाएगा। बगैर जांच के AI तकनीक को अस्पतालों में नहीं लगाया जाएगा।

इंडिया AI इंपैक्ट में दिख रहे कई इनोवेशन, ये लाएंगे बड़े बदलाव

भारत में पहला AI एजेंटिक कॉमर्स ट्रांजैक्शन किया गया

डिजिटल पेमेंट के क्षेत्र में मास्टरकार्ड ने भारत में AI आधारित एजेंटिक कॉमर्स का पहला सफिशाइड ट्रांजैक्शन पूरा किया है। यानी अब AI की मदद से खरीदारी करना और पेमेंट करना पहले से ज्यादा आसान और सुरक्षित होगा। AI समिट में कंपनी ने इसका डेमो पेश किया। मास्टरकार्ड के अनुसार, इस ट्रांजैक्शन में पेमेंट पूरी तरह टोकनाइज्ड और सुरक्षित तरीके से ऑथेंटिकेट किया गया, ठीक वैसे ही जैसे लोग रोज अपने कार्ड से भुगतान करते समय देखते हैं। मास्टरकार्ड इंडिया और साउथ एशिया के अध्यक्ष **गौतम अग्रवाल** ने कहा कि अब AI सिर्फ प्रोडक्ट ढूंढने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सुरक्षित और बिना रुकावट के पेमेंट भी कर सकेगा।

बच्चों को कितने न्यूट्रिशन की जरूरत, बताएगा AI

UdyogYantra AI ने भी समिट में अपने दो प्रोडक्ट पेश किए। दोनों प्रोडक्ट बच्चों के मिड डे मील की क्वॉलिटी और क्वॉटिटी पर फोकस करते हैं। ये बच्चे के BMI यानी बॉडी मास इंडेक्स के आधार पर बताते हैं कि किस बच्चे को कितने न्यूट्रिशन वाले भोजन की जरूरत है। जो खाना दिया जा रहा है, उसमें कितने न्यूट्रिशन मिल रहे हैं। कंपनी की AI बेस्ड सेंसर और कैमरे वाली मशीन थाली रखते ही न्यूट्रिशन वैल्यू को डिटेक्ट कर लेती है। इसी तरह दूसरी मशीन बता देती है कि अगर सांभर बन रहा है तो उसमें कौन सी दाल की कितनी मात्रा होनी चाहिए। कंपनी अभी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में इस सिस्टम से मिड डे मील में सुधार में सरकार की मदद कर रही है।

लो इंटरनेट या कम स्पेस, फिर भी चलेगा कैमरा

Mytblue.ai ने दुनिया का पहला सेमैंटिक विडियो डेटा लेक सॉफ्टवेयर पेश किया। यह CCTV कैमरे के डेटा को 90% तक कंप्रेस कर देता है, जो भी विडियो क्वॉलिटी खराब किए बगैर। यह लो इंटरनेट या कम स्पेस में भी सीसीटीवी ऑपरेशन को सफल बनाता है। यह तीन स्तर पर काम करता है। पहला विडियो कंप्रेस करना, दूसरा कंटेंट एनालिसिस यानी अगर फुटेज में आपको किसी सफेद कार के बारे में जानकारी चाहिए तो चैट करते ही उस तरह की कार से जुड़ी फोटो आ जाएंगी, तीसरा काम, अलर्ट अलार्म और अटर्वांस AI से जुड़ा है। को-फाउंडर मोहित गर्ग और कुनाल ने बताया कि मान लीजिए, आपका रेस्टोरेंट है तो यह कैमरे की फुटेज को इनडैक्स करके समझ लेता है कि कौन सी टेबल गंदी है।

बिजली चोरी से अप्लाएंस का हेल्थ तक चलेगा पता

Bidgely ने भी अपना AI टूल समिट में पेश किया। यह बिजली चोरी से लेकर घर के अप्लाएंस के हेल्थ के बारे में भी जानकारी दे सकता है। कंपनी अभी बिजली कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही है। 10 से 12 महीने के स्मार्ट मीटर के बिजली रीडिंग के आधार पर कंपनी का सिस्टम बता सकता है कि कौन सा उपकरण ज्यादा बिजली खर्च कर रहा है और बिल बचत की कहां संभावना है, किस समय और कैसे उपयोग से लाभ हो सकता है, कौन से उपकरण को बदलना चाहिए। अगर कहीं बिजली चोरी हो रही है तो भी डेटा के आधार पर सटीकता से जानकारी दे सकते हैं। कंपनी जबलपुर, भागलपुर और गुजरात के कुछ इलाकों में काम कर रही है।

WORLD CUP अल्टीमेट रोमांच

"एक छोटा-सा जश्न अवश्य होगा, लेकिन उसके बाद हमारा पूरा ध्यान अगले मैच पर होगा। हमने जो हासिल करने का लक्ष्य रखा है, यह उस दिशा में एक छोटी सी शुरुआत है।"-सिकंदर रजा, कप्तान, जिंबाब्वे

कुल मैच 32 | टोटल रन 10120 | विकेट गिरे 414 | 838 बाउंड्री मीटर | 414 | फेवरेट 110 (युवराज सामरा, कनाडा) | हाईएस्ट स्कोर 235/5 (अफगानिस्तान Vs ओमान) | टीम | बैटर नंबर-1 173 टिम सीफर्ट (न्यूजीलैंड) | बोलर नंबर-1 13 शेडली वान (कुराकाव)

*आकड़े मंगलवार को आयरलैंड Vs जिंबाब्वे मैच तक

11

सिक्स लगाए थे क्रिस गेल ने इंग्लैंड के खिलाफ साल 2016 में मुंबई में खेले गए टी20 इंटरनैशनल मैच में। यह टी20 वर्ल्ड कप की एक इनिंग्स में किसी प्लेयर द्वारा लगाए गए सर्वाधिक सिक्स हैं

वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में हो इन सवालों का जवाब है

1. टी20 वर्ल्ड कप की किसी एक इनिंग्स में सर्वाधिक सिक्स का रेकॉर्ड किसके नाम है?
A) क्रिस गेल B) जोस बटलर C) रोहित शर्मा D) कार्लोस ब्रेथवेट

2. गिफ्ट सैंटनर की गैरमौजूदगी में कनाडा के खिलाफ न्यूजीलैंड की कप्तानी किसने की?
A) मैट हेनरी B) टिम सीफर्ट C) डैरिल मिचेल D) मार्क चैपमैन

कल के जवाब
1. B) ऋषभ 2. D) 124

लकी WINNERS

1 विनोद कुमार गुप्ता, जलंधर, दिल्ली

2 शैलेश श्रीवास्तव मुंबादेवी, मुंबई

3 बबीता जायसवाल नोएडा, यूपी

आप अपने जवाब हमें 9319282367 पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

नागल दूसरे दौर में

■ नई दिल्ली: भारत के शीर्ष रैंक वाले खिलाड़ी सुमित नागल ने मंगलवार को 2026 दिल्ली ओपन के मेंस सिंगल्स के दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 297वें स्थान पर काबिज नागल ने स्पेन के डेविड जोर्दा को 6-3, 7-5 से हराया। एटीपी चैलेंजर 75 स्तर का यह टूर्नामेंट DLTA कॉम्प्लेक्स में खेला जा रहा है।

टॉप पर रहा भारत

■ दुबई: भारत ने दुबई 2026 ग्रा-प्री फन्जा इंटरनैशनल ऐथलेटिक्स चैंपियनशिप में 16 गोल्ड, 13 सिल्वर और 14 ब्रॉन्ज सहित कुल 43 मेडल के साथ मेडल टेबल में टॉप पर रहा। कोलंबिया और केन्या ने अपने-अपने 20 मेडल में क्रमशः 11 और 6 गोल्ड जीतकर मजबूत प्रदर्शन किया। भारत अगला डब्ल्यूपीए ग्रा प्री नई दिल्ली में आयोजित करेगा।

भाग लेंगे 400 खिलाड़ी

■ गुलमर्ग: खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का दूसरा चरण 23 से 26 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा जिसमें देश भर से लगभग 400 खिलाड़ी भाग लेंगे। इसका पहला चरण पिछले महीने लेह में आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन खेलों को 'एक नए खेल आत्मविश्वास का प्रतीक' बताया है।

टीम इंडिया आज अपने अंतिम ग्रुप मैच में नीदरलैंड्स पर दर्ज करना चाहेगी बड़ी जीत

अब अभिषेक की लय का इंतज़ार

भारत Vs नीदरलैंड्स

■ एजेंसियां, अहमदाबाद: अपनी पिछली दो पारियों में स्ताना खेलने में नाकाम रहे ओपनर अभिषेक शर्मा नीदरलैंड्स के खिलाफ बुधवार को होने वाले मैच में बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। वहीं भारतीय टीम के अन्य बल्लेबाज भी सुपर-8 स्टेज से पहले फिग्न के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। अभिषेक ने पिछले 18 महीनों में खुद को इस फॉर्मेट का सबसे खतरनाक खिलाड़ी साबित किया है, लेकिन घरेलू मैदान पर खेली जा रही ICC प्रतियोगिता में वह अभी तक अपना जलवा नहीं दिखा पाए हैं। अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद वह पेट के इंफेक्शन के कारण नामीबिया के खिलाफ दूसरे मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में वापसी की लेकिन स्ताना खेलने में नाकाम रहे।

रियनर्स के खिलाफ चाहिए भरोसा: दूसरे छोर पर ईशान किशन की शानदार फॉर्म के कारण अभिषेक के बल्ले से रनों की कमी का टीम की स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ा है। किशन और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने पाकिस्तान को आसानी से हरा दिया था। लेकिन लगातार दूसरे मैच में भारत के अन्य बल्लेबाजों ने किशन जैसा आत्मविश्वास नहीं दिखाया। नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने अपनी 'राइट आर्म' और 'बिलाइंड द स्टंप्स' बॉलिंग से भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया, जबकि पाकिस्तान के खिलाफ मैच में एक अन्य अप्रत्याशित फिग्न उस्मान तारिक ने भारतीय बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया। नीदरलैंड्स के बॉलिंग अटैक में बहुत अच्छे स्पिनर नहीं हैं और ऐसे में भारतीय बल्लेबाजों को उनको खेलने में किसी तरह की दिक्कत नहीं आनी चाहिए।

टी20 वर्ल्ड कप 2026

बुमरा कर सकते हैं रेस्ट: गेंदबाजी के मोर्चे पर भारत के पास सुपर-8 से पहले कुछ गेंदबाजों को आराम देने का विकल्प है, जिसमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमरा भी शामिल हैं। कोलंबो में अतिरिक्त स्पिन विकल्प के रूप में अक्षरदीप सिंह के स्थान पर कुलदीप को चुनने के बाद उम्मीद है कि भारत फिर से दो विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के संयोजन पर वापस लौटेगा।

टेलिकास्ट
शाम 7:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर

अहमदाबाद में मंगलवार को प्रैक्टिस सेशन में अभिषेक शर्मा

संभावित प्लेइंग XI

भारत: अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज।

नीदरलैंड्स: माइकल लेविट, मैक्स ओ'डॉड, वास डी लीडे, क्वेंटिन एकरमैन, स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), जैक लायन-कशेट, रोलोफ वॉन डर मर्व, लोगान वैन बीक, आर्यन दत्त, फ्रेड क्लासेन, फ्वइल क्लीन

4 बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत और नीदरलैंड्स की टक्कर हुई है और चारों ही बार बाजी टीम इंडिया के हाथ लगी है

16 लगातार मैच जीते हैं भारत ने अब तक। ICC के टूर्नामेंट में। उसकी पिछली हार वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में आई थी

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

विरोधी टीमों ने अभिषेक के लिए की है अतिरिक्त तैयारी

अभिषेक पोजीशन लेने से नहीं कतराते हैं और उनकी इस तरह की बेखौफ बल्लेबाजी से भारत को कई मैच में जीत भी मिली है। लेकिन इस 25 वर्षीय बल्लेबाज का पिछली छह पारियों में बार बार शून्य पर आउट होना यह संकेत देता है कि उन्हें पावरप्ले में अपनी रफ्तार्नी की समीक्षा करने की जरूरत है। अभिषेक की आक्रामक बल्लेबाज की छवि को देखते हुए यह स्पष्ट है कि विरोधी टीमों ने भारत के इस ओपनर का सामना करने के लिए अतिरिक्त तैयारी की है। अभिषेक के स्वयं यह स्वीकार करते हैं कि उनके पास टीम के अन्य बल्लेबाजों की तरह शॉट की व्यापक रेंज नहीं है और वह क्रीज का उपयोग करने और अपने बल्ले की रिथम पर भरोसा करते हैं ताकि विपक्षी टीम में खौफ पैदा कर सकें। उन्हें पावरप्ले में डीप कवर बाउंड्री पर शॉट मारना पसंद है और विरोधी टीमों ने उनके लिए उस क्षेत्र में एक फील्डर तैनात करके समझदारी दिखाई है। अमेरिका और पाकिस्तान ने उनके लिए इसी तरह की फील्डिंग लगाई थी जिसमें डीप मिड-विकेट भी शामिल था।

उच टीम के लिए फीफा वर्ल्ड कप से बढ़कर

नीदरलैंड्स टीम एक लाख 32 हजार दर्शक क्षमता वाले दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में खेलने को लेकर रोमांचित है। अगर मैदान आधा भी भरा होगा तो इस फुटबॉल टीम की हौसलाअफजाई के लिए स्टेडियम आने वाले दर्शकों से यह संख्या अधिक होगी। नीदरलैंड्स टीम का मीडिया और मार्केटिंग देखने वाले जॉन वान ब्लिएट ने कहा, 'इस स्टेडियम में खेलना हमारे लिए बड़ी बात है। मैच में उससे ज्यादा दर्शक मौजूद होंगे जो फीफा वर्ल्ड कप में उच टीम के समर्थन के लिए मैदान में आते हैं।'

जिंबाब्वे सुपर-8 में, ऑस्ट्रेलिया आउट

टीम के सुपर-8 में पहुंचने का जश्न मनाते जिंबाब्वे के फैंस

जिंबाब्वे Vs आयरलैंड

■ एजेंसियां, फ्लोरिकेलो: जिंबाब्वे ने आयरलैंड के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप ग्रुप-बी का मैच बारिश में धुलने के बाद सुपर-8 में प्रवेश कर लिया। इसके साथ पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड टूर्नामेंट से बाहर हो गए। दोनों टीमों को एक एक अंक मिला जिससे जिंबाब्वे के पांच अंक हो गए। अब 26 फरवरी को पहले सुपर-8 मुकाबले में चेन्नै में भारत का सामना जिंबाब्वे से होगा। सुपर-8 में जगह बनाने के बाद जिंबाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने कहा, 'हमने अभी लक्ष्य हासिल नहीं किया है, बस उसकी ओर कदम बढ़ाया है।' पिछली बार टूर्नामेंट में क्वालिफाई करने से चूकी जिंबाब्वे सुपर-8 में पहुंचने वाली सातवीं टीम बन गई। ग्रुप-1 में भारत, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज भी सुपर-8 में पहुंच गए हैं। जिंबाब्वे को आखिरी ग्रुप मैच 19 फरवरी को श्रीलंका से खेलना है। श्रीलंका छह अंक लेकर पहले ही सुपर-8 में पहुंच चुका है। ऑस्ट्रेलिया के दो अंक हैं जिसे जिंबाब्वे और श्रीलंका के हाथों शिकस्त मिली।

टी20 वर्ल्ड कप में लचर रहा है प्रदर्शन

■ साल 2009: ऑस्ट्रेलियन टीम इस वर्ल्ड कप में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी। पहले मैच में विंडीज से और फिर श्रीलंका से हार मिली।

■ साल 2014: पाकिस्तान के हाथों 16 रन से मुकाबला गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के विरुद्ध अगला मैच छह विकेट से गंवाया। इसके बाद उसे भारत ने मात दी।

■ साल 2016: ग्रुप-2 में न्यूजीलैंड के हाथों आठ रन से मैच गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश और पाकिस्तान को क्रमशः 3 विकेट और 21 रन से हराया, लेकिन भारत ने छह विकेट से हराकर ऑस्ट्रेलिया को प्लेऑफ से बाहर कर दिया।

■ साल 2022: इस वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड (89 रन), श्रीलंका (7 विकेट), आयरलैंड (42 रन) और अफगानिस्तान (4 रन) के खिलाफ जीत दर्ज की, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबला बारिश से धुल गया और ऑस्ट्रेलियन टीम प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी।

युवराज की सेंचुरी पर ग्लेन की पारी भारी न्यूजीलैंड सुपर-8 में

रचिन और फिलिप्स ने 146* रन की साझेदारी की

■ एजेंसियां, चेन्नै: कनाडा के युवराज सिंह सामरा ने टी20 वर्ल्ड कप इतिहास का सबसे कम उम्र का शतक जड़कर सुर्खियां बटोरीं। हालांकि, ग्लेन फिलिप्स की विस्फोटक पारी के सामने वह फीकी पड़ गई, जिसकी बदौलत न्यूजीलैंड ने कनाडा को 8 विकेट से हराकर सुपर-8 में जगह पक्की कर ली। युवराज ने 19 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की। इस मैच में मिशेल सैंटनर की गैरमौजूदगी में डैरिल मिचेल कीवी टीम की कप्तानी कर रहे थे।

असोसिएट देश के पहले: कनाडा के युवी ने 65 बॉल पर 110 रन (11 फोर, 6 सिक्स) की पारी खेली। उन्होंने कप्तान दिलप्रीत बाजवा (36) के साथ 116 रन की साझेदारी की, जिसके बूते कनाडा ने चार विकेट पर 173 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। असोसिएट देश के किसी बैटर की यह टी20 वर्ल्ड कप में पहली सेंचुरी है। उन्होंने कीवी पेसर्स पर अटैक किया। हालांकि, अंतिम ओवरों में न्यूजीलैंड ने कनाडा के तेजी पर अंकुश लगा दिया।

फिलिप्स-रविंद्र ने जमाया रंग: लक्ष्य का पीछा करते हुए टिम सीफर्ट और फिन एलन के जल्दी आउट होने के बाद फिलिप्स (76* रन, 36 बॉल, 4 फोर, 6 सिक्स) और रचिन रविंद्र (59* रन, 39 बॉल) ने 146* रन की अटूट साझेदारी कर 29 गेंद शेष रहते मैच जीत लिया। फिलिप्स ने 22 गेंद में फिफ्टी कर ली। यह टी20 वर्ल्ड कप में किसी कीवी बैटर द्वारा सबसे तेज फिफ्टी का रेकॉर्ड है। चार मैचों में छह अंक के साथ न्यूजीलैंड अगले राउंड में पहुंच गया।

न्यूजीलैंड Vs कनाडा

107 सिक्स हो गए हैं ग्लेन फिलिप्स के टी20I में। यह न्यूजीलैंड के लिए इस फॉर्मेट में दूसरे सर्वाधिक है

युवी से प्रेरित हैं सामरा

युवराज सिंह सामरा के नाम के पीछे दिलचस्प कहानी छिपी है। उनके पिता बलजीत सामरा भारतीय टिमाल बल्लेबाज युवराज सिंह के फैन रहे हैं और इसी वजह से उन्होंने अपने बेटे का नाम युवराज रखा। नाम ही नहीं, खेल में भी कई समानताएं दिखती हैं। दोनों बाएं हाथ के बैटर हैं और सामरा युवी की तरह अटैकिंग बल्लेबाजी करते हैं। सामरा बताते हैं कि उनके पिता चाहते थे कि वह 'युवी' की तरह बल्लेबाजी करें। युवराज ने 18 साल की उम्र में इंटरनैशनल डेब्यू कर 7वें मैच में पहला इंटरनैशनल शतक बनाया, वहीं सामरा ने 34वें मैच में ही यह मुकाम छू लिया। साल 2019 में दोनों पहली बार एक दूसरे से मिले।

ब्रीफ स्कोर

कनाडा: 20 ओवर्स में 173/4 (युवराज सिंह सामरा 110, दिलप्रीत बाजवा 36, जैकब डफी 1/25) **न्यूजीलैंड:** 15.1 ओवर्स में 176/2 (ग्लेन फिलिप्स 76*, रचिन रविंद्र 59, साद बिन जफर 1/29)

जोंस ने ली नेपाल के बोलर्स की खबर

■ एजेंसियां, मुंबई: माइकल जोंस की तूफानी 71 रन की पारी के बदौलत टी20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप-सी मुकाबले में स्कॉटलैंड ने वानखेड़े स्टेडियम में नेपाल के खिलाफ 7 विकेट पर 170 रन बनाए। यह दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं।

नेपाल के कप्तान रोहित पौडेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी, लेकिन जॉर्ज मंसी और जॉस की जोड़ी ने स्कॉटलैंड को मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले 10 ओवर में 80 रन जोड़े। मंसी 29 गेंदों पर 27 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन जोंस ने आक्रामक तेवर बरकरार रखे। जोंस ने ब्रैंडन मैकमुलेन (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 32 गेंदों में 52 रन की तेज साझेदारी की और टीम का स्कोर 132 तक पहुंचाया। जोंस टीम के दूसरे विकेट के रूप में आउट हुए। तब तक वह 45 बॉल पर 8 फोर और 3 सिक्स जमा चुके थे। डेथ ओवरों में नेपाल के बोलर्स ने वापसी की और लगातार विकेट झटके।

स्कॉटलैंड Vs नेपाल

माइकल जोंस

बड़े मैच की तैयारी का मौका

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: साउथ अफ्रीका ने ग्रुप-डी में लगातार तीन मैच जीतते हुए टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में जगह बना ली है। सुपर-8 के पहले मैच में उसे अगले संडे को अहमदाबाद में मेजबान भारत से खेलना है। उस बड़े मैच से पहले एडेन मार्करम की अगुआई वाली टीम बुधवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भिड़ेगी। यूएई के लिए इस मैच में खेले के लिए कुछ नहीं होगा, जबकि साउथ अफ्रीका जीत की लय कायम रखते हुए और कुछ मोर्चों पर अपनी कमियों को दूर करते हुए सुपर-8 स्टेज वाले मैच में जाना चाहेगा।

कुछ मोर्चों पर चाहिए सुधार: साउथ अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम अच्छी लय में हैं और उन्होंने पिछले मैच में न्यूजीलैंड पर मिली जीत के बाद कहा था कि उनकी टीम अपनी पूरी क्षमता के काफी करीब पहुंच गई है। हालांकि, मार्करम को भी पता होगा कि कुछ मोर्चों पर उनकी टीम को काफी सुधार की जरूरत है। बैटिंग में मार्करम के अलावा रयान रिकेल्टन (115 रन), क्विंटन डीकॉक (104 रन) ने अच्छा खेल दिखाया है। मिडल ऑर्डर में युवा बल्लेबाजों डेवाल्ड ब्रेविस (तीन मैचों में 50 रन) और ट्रिस्टान स्टब्स (तीन मैचों में 35 रन) की फॉर्म चिंता का विषय है। इसी तरह बोलिंग के मोर्चे पर पेसर लुंगी एंगिडी (8 विकेट) और मार्को यानसेन (7 विकेट) ने असर छोड़ा है, लेकिन टिग्गन कागिसो रबाडा (2 विकेट) ने न तो ज्यादा विकेट निकाले हैं और ना ही उनकी इकॉनमी (9 रन प्रति ओवर) अच्छी रही है।

सा. अफ्रीका Vs यूएई

150 रन बनाए है टूर्नामेंट में अभी तक एडेन मार्करम ने और वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बैटर्स लिस्ट में पांचवे स्थान पर काबिज है

टेलिकास्ट
सुबह 11:00 बजे से जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

पाकिस्तान के लिए आज 'करो या मरो'

■ एजेंसियां, कोलंबो: भारत से मिली करारी हार के बाद पाकिस्तान का टी20 वर्ल्ड कप अभियान संकट में घिर गया है। ग्रुप-ए के अंतिम लीग मैच में नामीबिया के खिलाफ उसे हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी, वरना सुपर-8 की उम्मीदें ध्वस्त हो सकती हैं। भारत तीन जीत के साथ पहले ही क्वालिफाई कर चुका है, जबकि अमेरिका चार अंकों और बेहतर रन रेट के दम पर दूसरे स्थान पर है। ऐसे में पाकिस्तान के लिए यह मुकाबला 'करो या मरो' बन गया है।

बैटर्स ने बढ़ाई चिंता: कागजों पर नामीबिया कमजोर दिखती है, लेकिन पाकिस्तान की अस्थिर बल्लेबाजी चिंता बढ़ा रही है। भारत के खिलाफ जसप्रीत बुमरा और हार्दिक पंड्या ने पाकिस्तान के तीन विकेट 13 रन पर निकाल लिए थे। बाबर आजम, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब और कप्तान सलमान अली आगा से बड़ी पारी की दरकार होगी। मिडल ऑर्डर में लगातार फेरबदल ने लय तोड़ी है।

गेंदबाजी में शाहीन शाह अफरीदी को नई गेंद से असर दिखाना होगा। सकारात्मक पक्ष सईम की धारदार गेंदबाजी रही है। दूसरी ओर, नामीबिया भले ही तीन हार के बाद बाहर हो चुकी हो, लेकिन गेरहार्ड इरास्मस और जेन स्मिट जैसे खिलाड़ी उलटफेर की क्षमता रखते हैं। अगर पाकिस्तान ने दिलाई दिखाई तो मुकाबला रोमांचक हो सकता है।

पाकिस्तान Vs नामीबिया

लोगों को लगता है कि टीम में घबराहट है, लेकिन मैंने ऐसा कोई दबाव महसूस नहीं किया है। जीत और हार खेल का हिस्सा है। हमें अपनी ताकत पर भरोसा है, और हम आने वाले मैचों में उनका डटकर मुकाबला करेंगे। - उस्मान तारिक, पाकिस्तानी स्पिनर

टेलिकास्ट दोपहर 3:00 बजे से जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा

उम्मीद है अब बड़ी टीमों से मैच मिलेंगे: एडवर्ड्स

■ एजेंसियां, अहमदाबाद: नीदरलैंड्स के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स को उम्मीद है कि टी20 वर्ल्ड कप में असोसिएट देशों के प्रभावशाली प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) की प्रतियोगिताओं में इस टेस्ट खेलने वाले देशों के खिलाफ अधिक द्विपक्षीय क्रिकेट मैच खेलने का मौका मिलेगा। एडवर्ड्स ने कहा, 'मुझे लगता है कि इस वर्ल्ड कप में असोसिएट देशों ने अच्छा प्रदर्शन किया है और उम्मीद है कि इसके बाद उन्हें वर्ल्ड कप से इतर टेस्ट खेलने वाले देशों के खिलाफ खेलने का अधिक मौका मिलेगा। हमने वर्ल्ड कप में अच्छा प्रदर्शन किया है। अधिक अवसर मिलेंगे तो हम अगले सत्र पर पहुंच सकते हैं।'

वर्ल्ड कप रिऐक्शंस

स्कॉट एडवर्ड्स

भारत में हमारी अच्छी तैयारी हुई: फिलिप्स

चेन्नै: न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स का मानना है कि मेजबान भारत के खिलाफ टी20I सीरीज खेलने से उनकी टीम को टी20 वर्ल्ड कप में परिस्थितियों को समझने और खुद को ढालने में काफी मदद मिली है। न्यूजीलैंड ने वर्ल्ड कप से पहले भारत से पांच टी20I और तीन वनडे मैच खेले।

हरमन की जगह हार्दिक कप्तान

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह निजी कारणों से 20 से 25 फरवरी तक होबार्ट में होने वाले हॉकी प्रो-लीग मैचों में नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह मिडफील्डर हार्दिक सिंह को भारतीय मेंस टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। भारत, स्पेन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट के आगामी चरण में होबार्ट के तस्मानिया हॉकी सेंटर में एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगे। भारतीय टीम ने राउरकेला में समाप्त हुए चरण में अपने सभी चार मैच गंवा दिए थे, जिसमें अर्जेंटीना के हाथों 0-5 की हार भी शामिल है। नए कप्तान हार्दिक दो बार के ओलिंपिक ब्रॉन्ज मेडल विजेता हैं। टीम में अमनदीप लाकड़ा और मनमीत सिंह जैसे युवा खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्होंने राउरकेला चरण के दौरान सीनियर टीम के लिए अपना पहला मैच खेला था। एक सूत्र ने बताया कि हरमनप्रीत अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पत्नी अमनदीप कौर के साथ रहना चाहते हैं।

हॉकी टर्फ



मिडफील्डर हार्दिक सिंह

भारतीय टीम

गोलकीपर: सूरज करकेरा, मोहित हाल्मेनहालली शांतिकुमार, **डिफेंडर:** अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय, सुमित, अमनदीप लाकड़ा, यशदीप सिवाच, पूरनानंद बाड़ी, **मिडफील्डर:** राजिंदर सिंह, मनमीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, हार्दिक सिंह, मोहम्मदीन रबीचंद्र सिंह, विष्णु कांत सिंह, राज कुमार पाल, **फॉरवर्ड:** अभिषेक, शिलानंद लाकड़ा, मदीप सिंह, अरिजीत सिंह हुंदल, आदित्य अर्जुन लालगे, अमंद बीर सिंह, मनिंदर सिंह।

श्रीजेश ने किया आवेदन

दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने भारत की जूनियर मेंस हॉकी टीम के हेड कोच के रूप में अपने कार्यकाल के पिछले साल दिसंबर में समाप्त होने के बाद इस पद के लिए दोबारा आवेदन किया है। इस निर्णय पर अगले फरवाड़े में फैसला होने की संभावना है।

ओपनर प्रतिका ने की वनडे टीम में वापसी

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: ओपनर प्रतिका रावल को टखने की चोट से उबरने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 24 फरवरी से ब्रिस्बेन में शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम में शामिल किया गया है। वह पिछले साल ICC विमिंस वनडे वर्ल्ड कप के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ मैच में चोटिल हो गई थीं। उनकी जगह उस टूर्नामेंट में शेफाली वर्मा को मौका मिला था, जिसमें भारत ने ऐतिहासिक खिताब जीता।

विमिंस क्रिकेट

प्रतिका रावल

इंडिया-ए सेमीफाइनल में पैकांक: तनुजा कंवर (4/12) और मिन्नू मणि (3/8) की घातक गेंदबाजी से इंडिया-ए ने विमिंस एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में नेपाल को सात विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। नेपाल 78 रन पर सिमटा। जवाब में दिनेश वृंदा (39*) की तूफानी पारी से भारत ने 7.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर ग्रुप-ए में चार अंकों के साथ शीर्ष स्थान मजबूत किया।

शमी के 8 विकेट लेकिन J&K आगे

■ एजेंसियां, कल्याणी: आकिब नबी ने ऑलराउंड प्रदर्शन ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल मैच का रुख जम्मू-कश्मीर की तरफ में मोड़ दिया। नबी दूसरी पारी में चार विकेट लेकर बंगाल की दूसरी इनिंग्स को 99 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। इससे पूर्व, नबी ने जम्मू-कश्मीर के लिए नौवें नंबर पर बैटिंग करते हुए अहम 42 रन की पारी खेली थी, जिसकी बदौलत टीम पहली इनिंग्स में 302 रन तक पहुंच सकी। बंगाल के लिए करियर बेस्ट बोलिंग करने वाले दिग्गज पेसर मोहम्मद शमी ने 8 विकेट झटके।

पहली पारी में 302 पर सिमटने के बाद जम्मू-कश्मीर ने 126 के लक्ष्य का पीछा करते हुए 43/2 तक पहुंचकर मजबूत स्थिति बना ली है। उसे जीत के लिए 83 रन और चाहिए। शमी ने सुबह अबिद मुश्ताक और कनैया वाधवान को आउट कर दबाव बनाया, लेकिन नबी और युद्धवीर सिंह (33) की 64 रन की साझेदारी ने बढ़त सीमित रखकर मैच की दिशा बदल दी। दूसरी पारी में नबी (4/36) और सुनील कुमार (4/27) ने बंगाल के टॉप ऑर्डर को ध्वस्त कर दिया।

रणजी का रण

बंगाल के लिए मो. शमी ने किया करियर बेस्ट प्रदर्शन

उत्तराखंड पर है फॉलोऑन का खतरा

लखनऊ: कर्नाटक ने उत्तराखंड पर शिकंजा कसते हुए फाइनल की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। कर्नाटक ने तीसरे दिन 689/6 से आगे खेलते हुए अपनी पहली पारी 736 रन बनाए। कर्नाटक ने उत्तराखंड के केवल 149 रन पर 5 विकेट झटक लिए। कर्नाटक के पास अभी 587 रन की विशाल बढ़त है। रविचंद्रन स्मरण (135) और विद्याधर पाटिल (54) ने सुबह पारी को आगे बढ़ाया। इससे पहले केएल राहुल (141) और कप्तान देवदत्त पड़िक्कल (232) ने मजबूत नींव रखी थी। स्टम्प्स तक उत्तराखंड पर फॉलोऑन का खतरा मंडरा रहा था।

बार्सिलोना को मिली लगातार दूसरी हार

थॉमस लेमर (दाएं) ने दागा गोल

■ एपी, गिरोना (स्पेन): लामिन यमाल पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए, जिससे बार्सिलोना यहां गिरोना से 2-1 से हार गया। इस तरह से फुटबॉल दसने ला लीगा में रियाल मैड्रिड को पीछे छोड़कर टॉप पर पहुंचने का मौका गंवा दिया। बार्सिलोना की एक हफ्ते से भी कम समय में यह दूसरी हार है। जिसके कारण वह तालिका में दूसरे स्थान पर आ गया। वह रियाल मैड्रिड से दो अंक पीछे है। अब उसके 24 मैच में 58 अंक हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP16 User: cci Time: 02-17-2026 21:11 Color:

न्याय केवल एक कानूनी अवधारणा नहीं, बल्कि सामाजिक आकांक्षा भी है।
- उपेंद्र बक्शी, विधि विशेषज्ञ

इमरान के लिए

पाकिस्तान के लिए इमरान खान आज भी राजनेता से पहले 'कप्तान' है। जब भी उनकी क्रिकेट टीम को भारत के हाथों शिकस्त मिलती है, तो पाकिस्तानियों को इमरान का दौर याद आ जाता है। पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ियों और विशेषज्ञों की शिकायत रहती है कि आज के खिलाड़ी पहले जैसी हिम्मत नहीं दिखाते। लेकिन, यही शिकायत अब इन पूर्व क्रिकेटर्स से भी है कि इमरान को जिस समर्थन की जरूरत है, उसके लिए वहां कोई हिम्मत नहीं जुटा पा रहा। अब दूसरे देशों के 14 पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कप्तानों ने उनके स्वास्थ्य को लेकर पाकिस्तानी सरकार को पत्र लिखा है।

14 पूर्व कप्तानों की चिट्ठी

क्रिकेट में योगदान । ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के दिग्गजों के अलावा इस लेटर पर साइन करने वाले दो अहम नाम हैं भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव और सुनील गावस्कर। भारत-पाकिस्तान के मौजूदा तल्ख संबंधों के बावजूद पूर्व भारतीय कप्तानों का इस मुद्दे पर बात करना बताता है कि क्रिकेट में इमरान की क्या जगह है। उन्होंने अपने खेल से केवल पाकिस्तान नहीं, पूरे क्रिकेट वर्ल्ड को आगे बढ़ने में योगदान दिया और उनके साथ उसी के अनुरूप व्यवहार किया जाना चाहिए।

चिंताजनक स्वास्थ्य । अगस्त 2023 से जेल में बंद इमरान की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। उनकी एक आंख की रोशनी केवल 15% बची है। उनके दोनों बेटे लंदन में रहते हैं और उन्होंने बताया है कि इमरान खान का स्वास्थ्य बेहद खराब है। उन्हें एक तंग कोठरी में रखा गया है, जहां उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता है।

सेना से टकराव । इमरान खान की पार्टी PTI इस मुद्दे पर कई बार विरोध-प्रदर्शन कर चुकी है, लेकिन हर बार सरकार और सेना ताकत का इस्तेमाल कर उसे दबा देते हैं। इमरान को दरअसल सेना के विरोध की कीमत चुकानी पड़ रही है। पाकिस्तान के इतिहास में वह पहले प्रधानमंत्री थे, जिन्हें अविश्वास प्रस्ताव के जरिये हटाया गया। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और सत्ता में पाकिस्तानी सेना की घुसपैठ व भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार आवाज उठाते रहे। उन पर लादे गए दो सौ के करीब मुकदमे और लंबे समय से रुकी सुनवाई इसी का नतीजा है।

न्याय मिले । इमरान खान फिलहाल भ्रष्टाचार के एक मामले में जेल में बंद हैं। लेकिन, एक 'कप्तान' के लिए पूर्व कप्तानों की यही अपील है कि उन्हें निष्पक्ष और पारदर्शी कानूनी प्रक्रिया मिले। उनके साथ बदले की कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। इमरान की कप्तानी में खेल चुके वसीम अकरम और वकार यूनुस जैसे दिग्गजों को खुलकर सामने आने की जरूरत है।

नाभि में तीर

गोविंदा-गोविंदा!

जैसे मथुरा-वृंदावन में चारों ओर 'राधे-राधे' की गूंज सुनाई देती है, वैसे ही इधर सोशल मीडिया में 'गोविंदा-गोविंदा' चल रहा है। खासकर रील्स में रेकॉर्ड तोड़ गोविंदा-गोविंदा है। आप सुबह जैसे ही मोबाइल हाथ में लेते हैं, किसी न किसी प्लैटफॉर्म पर अभिनेता गोविंदा नमूदार हो जाते हैं। चिर-परिचित बत्तीसी चमकाते हुए। दुम्के लगाते हुए। बीवी सुनीता की शिकायत करते हुए। किसी डायरेक्टर को परिचाते हुए। हो न हो गोविंदा की कोई फिल्म रिलीज होने जा रही है, लोग सोचने लगे हैं।

हरि मृदुल

क्योंकि कोल्ड स्टोर में पड़ी फिल्म को 'गरम' करने के लिए ही ऐक्टर इस तरह के गिमिक करते हैं। लेकिन क्या सचमुच गोविंदा की कोई फिल्म रिलीज होने जा रही है? ना भाई ना। यह सारी कसरत, सारी मारामारी इसी बात की तो है!

मतलब यह है कि अपने 'हीरो नं.1' के पास अरसे से कोई फिल्म नहीं है। वह चाहते हैं कि उन्हें फिल्मों में काम मिले। हालांकि ऐसा दौर हर ऐक्टर की जिंदगी में आता है। ऐसे दौर में बहुत ज्यादा संयत रहने की जरूरत होती है, लेकिन गोविंदा के साथ सबसे बड़ी दिक्कत यही है। वह संयत नहीं रह पाते। बीवी सुनीता को जरूर दुनियादारी आती है। उन्हें तमाम तरकीबें पता हैं। घर बैठे गोविंदा को उन्होंने बिकाऊ माल बना दिया है। आज गोविंदा की जितनी चर्चा है, उन्हीं की भिड़ाई तरकीब है। अपने यूट्यूब चैनल पर वह कैसे-कैसे किस्से सुनाती हैं। रील पर रील बनवाती हैं। उनके तहाके सुपर हिट हैं। उनके तहाके 'गोविंदा-गोविंदा' हैं।

मैं दिमाग पर जोर डाल रहा हूं, तो पता पड़ रहा है कि सबसे पहले भांजे कृष्णा अभिषेक और कश्मीरा शाह से पंगे की वजह से गोविंदा-गोविंदा हुआ था। फिर उनके कभी दोस्त रहे डायरेक्टर डेविड धवन से हुआ घमासान सामने आया। इसके बाद गोविंदा 'साला, सो पाला' कहावत को मूर्त करने में लग गए। खुद बीवी सुनीता ने आधी उम्र की लड़की से उनकी 'चलो इश्क लड़ाएं...' वाली बात सामने रख दी। खैर, सुनीता का चैनल मोटी कमाई कर रहा है। गोविंदा न बिक रहे हों, उनका नाम तो बिक ही रहा है।

एकदा

संकलन : हरिप्रसाद राय

मित्र के लिए त्याग

नंदवंश का अंत कर कौटिल्य ने चंद्रगुप्त मौर्य की ताजपोशी पाटलिपुत्र के उसी महल में करवाई, जहां कभी उनका अपमान हुआ था। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि संकल्प की जीत थी। ताजपोशी के समय कौटिल्य ने अपनी खुली चोटी की ओर संकेत करते हुए कहा कि राज्य तब तक पूरी तरह सुरक्षित नहीं हो सकता, जब तक धनानंद का निष्ठावान मंत्री अमात्य उनके अधीन न आ जाए। अमात्य को खोजने के आदेश दिए गए, पर वह नहीं मिला। हां, उसका घनिष्ठ मित्र चंदनदास पकड़ा गया। मित्रता निभाते हुए उसने अमात्य का ठिकाना बताने से इनकार कर दिया। कौटिल्य ने उसे मृत्युदंड सुना दिया और इसकी घोषणा कराई गई। जब यह समाचार अमात्य तक पहुंचा, तो वह स्वयं सामने आया और मित्र के प्राणों की रक्षा की विनती की। कौटिल्य ने शर्त रखी कि वह चंद्रगुप्त के प्रति निष्ठा की शपथ ले। अमात्य ने संदेह जताया कि पूर्व शत्रु का मंत्री होने की वजह से उस पर विश्वास कैसे होगा। कौटिल्य ने उत्तर दिया- सच्ची निष्ठा ही विश्वास का आधार है। आखिरकार मित्र को बचाने के लिए अमात्य ने शपथ ली और राज्य की सेवा स्वीकार की।

Subrata Dhar

भारत से सहयोग बढ़ाना पड़ोसी देश की कूटनीतिक ही नहीं, घरेलू राजनीतिक ज़रूरत भी

बांग्लादेश को चाहिए भारत का साथ

बांग्लादेश में हाल में हुए चुनावों ने दक्षिण एशिया की राजनीति में नया मोड़ ला दिया है। इससे वहां राजनीतिक पुनर्निर्माण का मौका बना है। साथ ही, भारत-बांग्लादेश संबंधों की भी नई शुरुआत हो सकती है। लंबे समय तक राजनीतिक अनिश्चितता और अंतरिम सरकार के कठिन दौर के बाद अब वहां निर्वाचित सरकार आई है। इससे संस्थागत स्थिरता बहाल होने और क्षेत्रीय विश्वास को मजबूती मिलने की उम्मीद है। बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी (BNP) को चुनाव में स्पष्ट जनादेश मिला। इसके पीछे एक अहम कारण अवामी लीग को चुनावी प्रक्रिया से बाहर रखा जाना भी रहा।

हर्ष वर्धन श्रृंगला

अतीत की याद । महत्वपूर्ण बात यह है कि चुनावों से पहले BNP नेता तारिक रहमान ने भारत को लेकर सकारात्मक संदेश दिया। BNP को पता है कि बांग्लादेश की प्रगति भारत के साथ रचनात्मक संबंधों से जुड़ी है। लेकिन, हमारे सामने इस पार्टी के पिछले शासन की भी यादें हैं, जो अच्छी नहीं रही। 2001 से 2006 के शासनकाल में तारिक की मां खालिदा जिया के नेतृत्व में BNP ने भारत विरोधी काम किए थे। हालांकि यह मान लेना सही नहीं कि अतीत दोहराएगा।

मुश्किल में बांग्लादेश । साल 2000 के शुरुआती दौर के बाद से दक्षिण एशिया की आर्थिक और भू-राजनीतिक तस्वीर काफी बदल चुकी है। भारत इस क्षेत्र की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनकर उभरा है। वह पड़ोसी देशों के लिए विकास के बड़े इंजन के रूप में देखा जा रहा है। दूसरी ओर, बांग्लादेश आर्थिक दबाव में है। बाहरी कर्ज 100 अरब डॉलर से ज्यादा हो चुका है। विदेशी मुद्रा भंडार चार साल में लगभग आधा रह गया है। ऐसे में उसके लिए क्षेत्रीय सहयोग जरूरी है।

चेतावनी के संकेत । बांग्लादेश की स्थिरता इस पर भी निर्भर करेगी कि क्या BNP फिर अपनी चुनावी जीत पर भरोसा करने के बजाय 1971 के मुक्ति संग्राम की भावना को साथ लेकर एक बड़ा और व्यापक गठबंधन बना पाती है। इस चुनाव में जमात ने भी अभी तक का सबसे शानदार प्रदर्शन किया है। इस गठबंधन से नैशनल सिटीजन पार्टी (NCP) भी जुड़ी थी। यह पार्टी जुलाई 2024 के आंदोलन से निकली है। हालांकि इसने उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन नहीं किया।

फैसलों पर नजर । आने वाले महीनों में यह साफ होगा कि क्या BNP ऐसी नीति बना पाती है, जो वैचारिक दबावों और आर्थिक जरूरतों के बीच संतुलन बना सके। चुनाव प्रचार के दौरान तारिक रहमान ने भारत को लेकर सकारात्मक भाषा का इस्तेमाल किया, लेकिन उनकी असली परख नीतिगत फैसलों से होगी।

घरेलू जरूरत । बांग्लादेश की आर्थिक महत्वाकांक्षाएं - जैसे निवेशकों का भरोसा वापस लाना, अर्थव्यवस्था को स्थिर करना और बेरोजगारी से निपटना, सीधे तौर पर रीजनल कनेक्टिविटी और व्यापार से जुड़ी हैं। दक्षिण एशिया में भारत की बढ़ती आर्थिक भूमिका ऐसे मौके देती है, जिनका फायदा बांग्लादेशी नेतृत्व उठा सकता है। इस तरह देखा जाए तो भारत के साथ करीबी सहयोग केवल कूटनीतिक लक्ष्य नहीं, घरेलू राजनीति को मजबूत करने का साधन भी बन सकता है।

भारत की नीति । बांग्लादेश पर भारत की नीति जल्दबाजी में नहीं बदलती, वह स्थिरता और लंबे समय के हितों पर ध्यान देती है। दोनों देशों की सीमा आपस में गहराई से जुड़ी है। दोनों के बीच व्यापार, आर्थिक रिश्ते और सुरक्षा से जुड़े मुद्दे सामने हैं। जब रिश्ते नए दौर में प्रवेश कर रहे हैं, तो सुरक्षा, कट्टरपंथ रोकने के प्रयास और रीजनल कनेक्टिविटी अहम रहेंगे।

सावधानी जरूरी । बांग्लादेश को पाकिस्तान की भारत के खिलाफ किसी साजिश का हिस्सा नहीं बनना चाहिए। इसी तरह, बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा दोनों देशों के रिश्तों पर असर डालती है। अगर नई सरकार भारत की चिंताओं पर ध्यान देती है, तो नई दिल्ली को भी उसी अनुरूप सहयोग बढ़ाना चाहिए। इस चुनाव का महत्व केवल जीत के बड़े अंतर में नहीं, उसके बाद लिए जाने वाले राजनीतिक फैसलों में छिपा है। बांग्लादेश ऐसे मोड़ पर है, जहां सरकार के निर्णय तय करेंगे कि वह राजनीतिक बदलाव देश को नई स्थिरता की ओर ले जाएगा या फिर बिखराव की स्थिति पैदा करेगा।

(लेखक संसद और पूर्व विदेश सचिव हैं)

लाइसेंस-परमिट राज के अवशेष ख़त्म करने होंगे

भारत और अमेरिका के बीच भले ही ट्रेड डील पर सहमति बन गई है, लेकिन हमें ट्रंप टैरिफ के दर्द को नहीं भूलना चाहिए। इसने सरकार को समझा दिया कि हमारा सिस्टम बहुत जटिल, अत्यधिक नियमों वाला और कम प्रतिस्पर्धी है।

गुरचरण दास

आसान चीजों पर ध्यान । इसी वजह से भारत औद्योगिक विकास में पीछे है। 45% लोग अब भी खेती के भरोसे हैं, वैश्विक व्यापार में हिस्सेदारी सिर्फ 2% है और बहुत कम विदेशी पर्यटक वहां आते हैं। बड़ा घरेलू बाजार होने के बावजूद चीन छोड़ने वाली कंपनियां वियतनाम जा रही हैं। इसमें संदेह नहीं कि लोकतंत्र में बड़े सुधार तुरंत नहीं होते, लेकिन कई समस्याएं आसानी से ठीक की जा सकती हैं।

डर में कारोबारी । भारत में कंपनियों को हजारों कानून मानने पड़ते हैं, जिससे कारोबार मुश्किल हो जाता है। एक उच्चस्तरीय समिति ने कई लाइसेंस, परमिट और NOC खत्म करने का सुझाव दिया है। साथ ही सभी प्रक्रियाएं ऑनलाइन करने की तैयारी है।

राज्य आगे आएं । भारत की सबसे बड़ी जरूरत संगठित क्षेत्र में रोजगार बढ़ाना है। इसके लिए मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र अहम है। इस क्षेत्र में अमेरिकी कंपनी एपल का भारत में निवेश बेहद कामयाब रहा है। आज हर पांच में एक आईफोन भारत में बन रहा है, जिससे 2 लाख लोगों को नौकरी मिली है। इनमें भी 75% महिलाएं हैं। वियतनाम को जब एपल के इस प्लान का पता चला तो वहां के प्रधानमंत्री ने अमेरिकी कंपनी से उनके यहां आईपैड बनाने का अनुरोध किया। भारत के राज्य इससे सीख सकते हैं। अपने यहां मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स लाने के लिए प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए।

कॉमन रूम

AI Image

पर्यटन पर ध्यान । पर्यटन में रोजगार के बहुत मौके होते हैं। लेकिन, भारत में थाईलैंड जैसे छोटे देशों की तुलना में कम विदेशी पर्यटक आते हैं। यहां छुट्टियां मनाना सस्ता पड़ता है। भारत में नियम-कानून ज्यादा कड़े हैं। यहां होटल खोलने के लिए लगभग 98 तरह की मंजूरी लेनी पड़ती है, जबकि दूसरे देशों में सिर्फ 7-20 मंजूरियां काफी हैं।

कृषि में सुधार । कृषि क्षेत्र में भी दिक्कतें हैं। भारत में करीब एक-तिहाई फल और सब्जियां तुड़ाई-कटाई के बाद खराब हो जाती हैं। इससे किसानों को हर साल लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये का नुकसान होता है। विदेश में कोल्ड स्टोरेज की अच्छी व्यवस्था है, जिससे सामान खराब नहीं होता।

नौकरशाही कम हो । RBI भी नियमों का बोझ कम कर रहा है। इसके अलावा, शिक्षा और स्वास्थ्य में भी नौकरशाही कम करने की दरकार है। प्रशासनिक व न्यायिक सुधार, घाटे वाले PSU का निजीकरण, श्रम, पूंजी और ऊर्जा क्षेत्रों में बदलाव जरूरी है। अगर ये कदम उठाए गए, तो भारत वैश्विक व्यापार समझौतों से मिले मौके का पूरा लाभ उठा सकता है।

कांटे की बात

अगर AI समिट में कल (सोमवार को) किसी को कोई दिक्कत हुई तो मैं इसके लिए क्षमा मांगता हूं। पूरी टीम इस समिट को व्यवस्थित बनाने के लिए रात-दिन काम कर रही है। हमारी पूरी कोशिश है कि यह समिट आपके लिए सुखद और सुगम हो।

अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री

छोटी बात, बड़ा फ़र्क

नीलगिरी के आदिवासियों ने पर्यावरण और प्रगति के बीच संतुलन का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। 2013 में आदिवासियों ने मिलकर एक कंपनी बनाई थी - Aadhimalai Pazhangudiyinar Producer Company, जिसका टर्नओवर आज 1.4 करोड़ रुपये से अधिक है। इस पहल को UN का प्रतिष्ठित इक्वेटर पुरस्कार मिला है।

नीलगिरी के आदिवासी कंपनी बनाकर बेच रहे जंगल के प्रॉडक्ट

सौ से अधिक गांव जुड़े

तमिलनाडु के नीलगिरी पहाड़ियों में बसे 100 से अधिक गांवों के आदिवासी इस कंपनी से जुड़े हैं। इलाके के किसान और जंगल से सामान जुटाने वाले लोग शहद, शिकाकाई, आंवला, जामुन, काँफी व अन्य प्राकृतिक उत्पाद कंपनी को बेचते हैं। फिर इसे प्रॉसेस कर बाजार में उतारा जाता है। आज 1600 से अधिक शेयर होल्डर्स व स्थानीय महिलाएं कंपनी में हिस्सेदार हैं।

आमदनी बढ़ी, पलायन बंद

कंपनी के 60 कर्मचारियों में 52 महिलाएं हैं। इन्हीं पर पूरी जिम्मेदारी रहती है। खतरनाक स्थान से शहद जुटाने वालों का दुर्घटना बीमा कराया जाता है। कंपनी अपना मुनाफा शेयरधारकों को उनके योगदान के हिसाब से बांटती है। इस मॉडल से पारंपरिक खेती और वन संसाधनों का संरक्षण भी सुनिश्चित हुआ। आदिवासियों की आय बढ़ी है और पलायन पूरी तरह बंद हो गया।

AI Image

प्रस्तुतिः अभिषेक मिश्र

जनता जंक्शन

इरफान



राहुल की घर में विदेश वाली राजनीति

हेमंत राजौरा

भारतीय राजनीति में राहुल गांधी की भूमिका केवल विपक्षी आलोचना तक सीमित नहीं रह गई है। अब वह विदेश नीति, भू-राजनीति और वैश्विक रणनीतिक संतुलन जैसे मुद्दों को छू रहे हैं। इसे अब तक मोदी सरकार का सबसे मजबूत पक्ष माना जाता रहा है। विदेश नीति, चीन-अमेरिका प्रतिस्पर्धा, डेटा वॉर, डिजिटल प्रभुत्व और यहां तक कि एपस्टीन फाइल जैसे अंतरराष्ट्रीय संदर्भों के साथ राहुल एक बड़ा राजनीतिक फ्रेम तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं। इसका मकसद सरकार की विदेश नीति को रणनीतिक रूप से कमजोर और दबाव वाली दिखाना है।

प्रतीकों को तोड़ने की कोशिश

मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में विदेश नीति को महज कूटनीति तक सीमित नहीं रखा, उसे एक राजनीतिक नैरेटिव में बदल दिया। ऑपरेशन सिंदूर, रूस-यूक्रेन युद्ध में प्रधानमंत्री के हस्तक्षेप से शांति की कोशिश जैसे मुद्दों के साथ ऐसा फ्रेम तैयार किया, जिसमें भारत पीएम मोदी के नेतृत्व में एक उभरती महाशक्ति दिखता है। कांग्रेस के रणनीतिकारों का मानना है कि यही फ्रेम सरकार की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत बना। राहुल गांधी अब इसी पर हमला कर रहे हैं।

कांग्रेस के रणनीतिकारों के मुताबिक, रणनीति बदल गई है। राहुल सिर्फ यह नहीं कह रहे कि सरकार की विदेश नीति गलत है, वह सीधा हमला कर रहे हैं कि विदेश नीति स्वतंत्र न होकर वैश्विक शक्तियों के दबाव में है। रूस और अमेरिका के बीच चल रही प्रतिस्पर्धा के बीच वह वॉशिंगटन के इस दावे को सही ठहरा रहे हैं कि भारत अब मॉस्को से तेल नहीं खरीद रहा। इससे वह दिखाना चाहते हैं कि भारत स्वतंत्र शक्ति की तरह संतुलन नहीं बना पा रहा।

मोदी सरकार ने विदेश नीति को घरेलू राजनीति का हिस्सा बना दिया है। ये चुनावी राजनीति के प्रतीक बन चुके हैं। राहुल इन्हें तोड़ने की कोशिश में हैं। वह दिखाना चाहते हैं कि यह सब प्रतीकात्मक है, रणनीतिक शक्ति नहीं।

नई रणनीति में जोखिम भी

डेटा वॉर का मुद्दा भी इसी का हिस्सा है। डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, क्लाउड सिस्टम, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा अब देश की सुरक्षा के नए आयाम हैं। राहुल जब कहते हैं कि इंडियन डेटा एक रणनीतिक संपत्ति है और ट्रेड डील या अंतरराष्ट्रीय समझौतों में इसे गिरवी रखा जा रहा है तो वह सरकार की उस नीति पर सवाल उठाते हैं, जिससे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत के वैश्विक शक्तियों के दबाव में अपने हितों से समझौता करने का आरोप साबित हो। एपस्टीन फाइल जैसे अंतरराष्ट्रीय संदर्भों के साथ भी राहुल नए स्तर पर खेल रहे हैं। वह एपस्टीन फाइल में सरकार के मंत्रियों के जिक्र का आरोप लगाकर यह संदेश देने की कोशिश करते हैं कि सरकार ने किसी दबाव में ट्रेड डील की है।

चीन के मुद्दे पर उनकी भाषा भी इसी दिशा में है। वह संदेश देना चाहते हैं कि सरकार निर्णय लेने में हिचकिचाती है। इससे वह सरकार की नेतृत्व वाली छवि पर सवाल खड़ा करते हैं। हालांकि, राजनीतिक रूप से यह बड़ा जोखिम है। विदेश नीति, देश की सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दे भावनात्मक रूप से संवेदनशील होते हैं। सरकार के पास इन पर संस्थागत और नैरेटिव, दोनों तरह की बढ़त होती है। अब देखना यह है कि राहुल किस तरह लोगों के बीच विदेश नीति और प्रधानमंत्री की ग्लोबल इमेज पर प्रहार कर पाते हैं या दांव उल्टा पड़ता है।

विशुद्ध राजनीति कसौटी

रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

सुझाव मानना होगा

पत्र 17 फरवरी के संपादकीय अंदरूनी लड़ाई पर है। कांग्रेस में आंतरिक असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है, जो पार्टी की सक्रियता और चुनावी संभावनाओं के लिए चुनौती है। वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर के बयान ने पार्टी को असहज स्थिति में डाल दिया है। यह केरल विधानसभा चुनावों से पहले खासतौर पर चिंता का विषय है। असम में भी वरिष्ठ नेता भूपेन बोरा का असंतोष पार्टी की मजबूती पर सवाल उठाता है। मतभेदों से कांग्रेस न केवल एकजुट दिखाई नहीं देती, बल्कि विपक्षी सहयोग को भी प्रभावित करती है। चुनाव जीतने के लिए पार्टी को वरिष्ठ नेताओं के सुझावों पर ध्यान देना होगा।

रमेश मुकुल, नोएडा

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

[illegible]

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP15 User: rajesh.mishra@timesofindia.com Time: 02-17-2026 22:10 Color:

कर्ज़ के बोझ पर RBI का सहारा

■ **पीटीआई, मुंबई:** बैंकिंग सिस्टम में नकदी (लिक्विडिटी) की कमी न हो, इसके लिए भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने इस वित्त वर्ष (FY26) में अब तक केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए कुल बॉन्ड्स का करीब 47 प्रतिशत हिस्सा खुद खरीद लिया है। RBI के आंकड़ों के मुताबिक, केंद्र सरकार ने 4 अप्रैल 2025 से 13 फरवरी 2026 के बीच अपने कर्ज कार्यक्रम के तहत 13,65,000 करोड़ रुपये जुटाए। इसी दौरान, RBI ने ओपन मार्केट ऑपरेशंस (OMO) के जरिए 6,39,203 करोड़ रुपये के सरकारी बॉण्ड्स खरीदे, ताकि बैंकों के पास पैसे की कमी न हो और बाजार में नकदी बनी रहे।

जानकारों का कहना है कि सरकार जब बड़े पैमाने पर बाजार से कर्ज लेती है, तो अक्सर बैंकिंग सिस्टम से नकदी कम हो जाती है और बॉण्ड यील्ड बढ़ने लगती है। रिजर्व बैंक ने बाजार से खुद बॉण्ड्स खरीदकर सिस्टम में पैसा डाला, जिससे बाजार में स्थिरता बनी रही। RBI के इस कदम से बैंकों को नकदी की किल्लत से बचने में मदद मिली।

इन्फोसिस और Anthropic की साझेदारी से IT सेक्टर गदगद

शेयर मार्केट में रौनक, IT-PSU बैंकों में खरीदारी से सेंसेक्स-निफ्टी चढ़े

■ **पीटीआई, मुंबई :** पिछले कुछ समय से भारतीय आईटी सेक्टर पर AI (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के खतरे को लेकर जो बादल मंडरा रहे थे, वे अब छटते नजर आ रहे हैं। देश की दिग्गज आईटी कंपनी इन्फोसिस ने दुनिया की जानी-मानी AI कंपनी एंथ्रोपिक (Anthropic) के साथ एक समझौता किया है। इस खबर ने न सिर्फ इंफोसिस बल्कि पूरे आईटी सेक्टर में जान फूंक दी है। शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी देखने को मिली। जानकारों का कहना है कि इस साझेदारी से उन आशंकाओं पर विराम लग गया है, जिनमें कहा जा रहा था कि AI आने वाले समय में पारंपरिक आईटी कंपनियों के काम को खत्म या कम कर देगा। सेंसेक्स 173.81 अंक (0.21%) चढ़कर 83,450.96 पर बंद हुआ। वहीं, NSE निफ्टी 42.65 अंक (0.17%) की बढ़त के साथ 25,725.40 पर पहुंच गया।

इस समझौते के सकारात्मक असर से IT इंडेक्स मंगलवार को 1.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। इन्फोसिस के साथ-साथ एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा जैसे बड़े शेयर भी मुनाफे में रहे। जानकारों का मानना है कि ग्लोबल एआई पार्टनर्स के साथ ऐसे समझौते भारतीय कंपनियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेंगे। मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशल सर्विसेज के रिसर्च हेड सिद्धार्थ खेमका का कहना है कि इन्फोसिस और एंथ्रोपिक की इस रणनीतिक साझेदारी ने निवेशकों के मन से 'AI के डर' को कम कर दिया है।

बनाई बढ़त

- **सेंसेक्स:** 83,450.96 (173.81 अंक, 0.21% बढ़ा)।
- **निफ्टी:** 25,725.40 (42.65 अंक, 0.17% बढ़ा)।
- **PSU बैंक** इंडेक्स: 2.36% की बढ़त।
- **IT इंडेक्स:** 1.15% की बढ़त।

अब AI संभालेगा पेचीदा काम

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** आईटी कंपनी इन्फोसिस ने मंगलवार को अमेरिकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी Anthropic के साथ एक बड़ी साझेदारी का ऐलान किया है। इस समझौते का मकसद टेलीकॉम, बैंकिंग और फाइनैंस, मैन्युफैक्चरिंग और सॉफ्टवेयर डिवेलपमेंट से जुड़ी कंपनियों के लिए अडवांस एआई समाधान तैयार करना और उन्हें लागू करना है। इन्फोसिस ने एक बयान में बताया कि इस पार्टनरशिप के तहत टेलीकॉम सेक्टर के लिए एक खास 'एंथ्रोपिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' बनाया जाएगा। यहां ऐसे AI एजेंट तैयार किए जाएंगे जो इस इंडस्ट्री के कामकाज को बेहतर तरीके से संभाल सकें। सबसे अहम बात इंफोसिस के Topaz प्लैटफॉर्म और एंथ्रोपिक के क्लाउड (Claude) मॉडल का एक साथ आना है। दोनों कंपनियां मिलकर कारोबार जगत के मुश्किल कामों को ऑटोमेटिक बनाने और सॉफ्टवेयर डिलीवरी की रफ्तार बढ़ाने में मदद करेंगी। इस पार्टनरशिप का एक बड़ा फोकस एजेंटिक AI पर होगा। ये ऐसे स्मार्ट सिस्टम हैं जो बिना किसी मदद के कई स्टेप वाले मुश्किल काम खुद कर सकते हैं। कंपनियों का इरादा ऐसे AI एजेंट बनाना है जो लंबे और पेचीदा कामों को लगातार और बिना रुके कर सकें। इसके अलावा, यह पार्टनरशिप कंपनियों के पुराने पड़ चुके कंप्यूटर सिस्टम को आधुनिक बनाने में भी मदद करेगी।

> AI सिर्फ बिजनेस नहीं बदल रहा, बल्कि उद्योगों के काम करने और नए आविष्कार करने के तरीके को भी फिर से परिभाषित कर रहा है। एंथ्रोपिक के साथ हमारी साझेदारी एक बड़ी छलांग है।
> *-सलिल पारेख, सीईओ, इन्फोसिस*

सोने-चांदी में 18 महीने में पैसा डबल, प्रॉफिट बुकिंग कर लें?

एक्सपर्ट्स बोले- अभी नया पैसा लगाने से बचें, सतर्क रहें

NBT रिपोर्ट, मुंबई: पिछले 18 महीनों में सोने और चांदी की कीमतें रेकॉर्ड तोड़ बढ़त के साथ दोगुनी से ज्यादा हो गई हैं। इसकी वजह से नए निवेशकों की बाढ़ आ गई है। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि अब इसमें बहुत ज्यादा पैसा फंसाए रखना जोखिम भरा हो सकता है। इसलिए वे थोड़ा पैसा निकालने की सलाह दे रहे हैं।

ET के मुताबिक, पिछले 18 महीनों के दौरान, डॉलर के हिसाब से सोना 101% और रुपये के हिसाब से 116% चढ़ा है। वहीं, चांदी डॉलर में 167% और रुपये में 198% उछली है। एक्सपर्ट का कहना है कि हालांकि जनवरी 2026 के अपने रेकॉर्ड हाई से अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी 36.63% और सोना 7.8% गिर चुका है। कीमतों में आई इस कमी के बावजूद अभी नया और बड़ा निवेश करना सही नहीं है।

सोने-चांदी में हालिया तेजी को देखते हुए भारतीय निवेशकों ने पिछले कुछ महीनों में रेकॉर्ड पैसा लगाया है। जनवरी में पहली बार गोल्ड और सिल्वर स्कीमों में आने वाला पैसा इक्विटी फंड्स से ज्यादा रहा। कीमती धातुओं के ETF में उस महीने 33,503 करोड़ रुपये का निवेश आया, जो दिसंबर के 15,600 करोड़ रुपये के मुकाबले दोगुने से भी अधिक था। वह इक्विटी स्कीमों में आए 24,029 करोड़ रुपये से भी अधिक था।

अहम आंकड़े

- **सोना (पिछले 18 महीने):** डॉलर में 101% और रुपये में 116% की बढ़त।
- **चांदी (पिछले 18 महीने):** डॉलर में 167% और रुपये में 198% का उछाल।
- **गिरावट (जनवरी 2026 के हाई से):** चांदी 36.63% और सोना 7.8% गिरा।
- **ETF निवेश (जनवरी):** गोल्ड-सिल्वर ETF में 33,503 करोड़ आए (दिसंबर में 15,600 करोड़ रुपये थे)।
- **इक्विटी बनाम गोल्ड (जनवरी):** इक्विटी फंड्स में 24,029 करोड़ आए, गोल्ड-सिल्वर आगे रहे।

क्या करें निवेशक?

डीएसपी म्यूचुअल फंड के प्रोडक्ट हेड और मार्केट स्ट्रैटेजिस्ट सहिल कपूर कहते हैं कि अगर आपने पिछले डेढ़ साल में सोना और चांदी खरीदा है, तो यह प्रॉफिट बुकिंग करने और फिलहाल किनारे बैठने का समय है। सहिल कपूर के मुताबिक, नए निवेशकों को इस समय बड़ा पैसा नहीं झोंकना चाहिए। अगर आप खुद को निवेश करने से रोक नहीं पा रहे हैं, तो सिर्फ नाममात्र की एक टोकन SIP शुरू करें ताकि आपको मौका छूटने (FOMO) का दुख न हो।

द वेल्थ कंपनी के मैनेजिंग पार्टनर और स्ट्रैटेजी हेड अक्षय चिंचालकर का कहना है कि पिछले दो सालों में आई भारी तेजी के बाद कीमती धातुओं के दाम अब अपने चरम पर पहुंच चुके हैं। वह सलाह देते हैं कि एक साथ (लम्प-सम) पैसा लगाने के लिए बाजार में किसी बड़ी गिरावट का इंतजार करें। वह निवेशकों को सलाह देते हैं कि अगर सोना खरीदना ही है, तो SIP का रास्ता चुनें ताकि धीरे-धीरे निवेश बढ़ाया जा सके।

सस्ती गाड़ी और किराये पर बैटरी, कितना कामयाब होगा ये ट्रेंड?

■ **नई दिल्ली :** मारुति सुजुकी ने अपनी पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी ई-विटारा को भारतीय बाजार में लॉन्च कर दिया है। लेकिन गाड़ी की असली कीमत अब भी सामने नहीं लाई गई है। कंपनी ने इसे बैटरी एज ए सर्विस (BaaS) वाली स्कीम के साथ पेश किया है। यानी आपको इस गाड़ी के लिए सिर्फ 10.99 लाख रुपये (एक्स शोरूम) के रूप में देने होंगे लेकिन गाड़ी खरीदने के बाद आपको बैटरी रेंटल के रूप में हर किलोमीटर के लिए 3.99 रुपये चुकाने होंगे।

सुरक्षा के लिहाज से e VITARA में लेवल-2 ADAS, अडैप्टिव क्रूज कंट्रोल, लेन कीप असिस्ट, ब्लाइंड स्पॉट मॉनिटरिंग और ऑटोमैटिक इमरजेंसी ब्रेकिंग जैसे फीचर दिए गए हैं। इसमें 7 एयरबैग स्टैंडर्ड हैं। 61kWh और 49kWh बैटरी पैक पर 8 साल या 1.6 लाख किमी की वारंटी दी जा रही है। गाड़ी को भारत NCAP से 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग भी मिल चुकी है। हालांकि मारुति की इलेक्ट्रिक सेगमेंट में एंट्री लेट मानी जा रही है। वो भी उस वक्त जब इसका मुकाबला एमजी विंडसर ईवी, बिनफास्ट वीएफ6, ह्यूंदे क्रेटा ईवी, टाटा कर्व ईवी और महिंद्रा बीई6 समेत अन्य इलेक्ट्रिक एसयूवी मार्केट में जगह बना चुकी हैं। आने वाले दिनों में कंपनी ई-विटारा की बैटरी के साथ बाकी वेरिएंट्स की कीमतों का भी खुलासा कर देगी तब इसकी असली रेस शुरू होगी।

Auto4U
खालिद अमीन

मारुति ने ई-विटारा लॉन्च किया, गाड़ी को भारत NCAP से 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग भी मिल चुकी है।

इस गाड़ी के लिए सिर्फ 10.99 लाख रुपये (एक्स शोरूम) के रूप में देने होंगे

ऑनलाइन शॉपिंग में ग्राहक चाहते हैं AI की मदद : सर्वे

■ **NBT रिपोर्ट :** ऑनलाइन शॉपिंग का तरीका अब पूरी तरह बदलने वाला है। एक नए सर्वे के अनुसार, ज्यादातर ग्राहक अब AI की मदद से खरीदारी करना चाहते हैं ताकि वे धोखाधड़ी से बच सकें और अपना समय बचा सकें। LocalCircles के एक सर्वे के मुताबिक, अपनी पसंद का सही सामान या सर्विस ढूंढने में ग्राहक ज्यादा समय लगाते हैं।

किसमें वक्त लगता है?

- **69% :** सही सामान ढूंढने में।
- **49% :** काम दान, तेज डिलीवरी वह कॉम्बो।
- **43% :** सेलर कितना असली और भरोसेमंद है जानने में।
- **40% :** रिव्यूज और रेटिंग्स असली हैं या नहीं।
- **6% :** अन्य काम

किन कामों के लिए AI का इस्तेमाल करेंगे?

- **68% :** सामान और दुकानदार की जांच।
- **64% :** पसंद के हिसाब से सामान ढूंढने के लिए।
- **56% :** सामान और कीमतों की तुलना।
- **56% :** रिव्यूज और रेटिंग्स परखने के लिए।
- **36% :** कीमतों के उतार-चढ़ाव या डिस्काउंट।
- **22% :** खरीदारी की प्लानिंग के लिए।
- **18% :** अन्य वजहें।
- **8% :** कोई सपष जवाब नहीं।
- **19,000 :** सर्वे में शामिल।

विदेशी मुद्रा नियमों में राहत की तैयारी

■ **पीटीआई, मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने मंगलवार को विदेशी मुद्रा (फॉरेक्स) से जुड़े नियमों में ढील देने का प्रस्ताव रखा है। इसका मकसद बैंकों और अधिकृत डीलरों को अपने जोखिमों को कम करने, बैलेंस शीट को बेहतर तरीके से संभालने और मार्केट-मेकिंग के लिए ज्यादा छूट देना है। साथ ही, कारोबारी कारंवाई और रिपोर्टिंग के बोझ को भी कम करने की बात कही गई है। आमतौर पर अधिकृत बैंक और प्राइमरी डीलर्स बाजार में बैलेंस शीट मैनेजमेंट और जोखिमों से बचने के लिए विदेशी मुद्रा बाजार का इस्तेमाल करते हैं। मौजूदा नियमों की समीक्षा के बाद, केंद्रीय बैंक ने 'फॉरेक्स डीलिंग्स' पर नए ड्राफ्ट नियम जारी किए हैं।

RBI के नए प्रस्ताव के मुताबिक, एक अधिकृत डीलर (बैंक) दूसरे अधिकृत डीलर के साथ विदेशी मुद्रा में लेनदेन कर सकता है ताकि वह अपने निवेश के जोखिम को कम कर सके। इसके अलावा, अब वे विदेशी मुद्रा में उधार से और भी सकेंगे।

80 हज़ार शिकायतें, वापस मिले 52 करोड़ रुपये

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** नैशनल कंस्यूमर हेल्पलाइन (NCH) के जरिए पिछले 9 महीनों में 31 सेक्टरों में उपभोक्ताओं की करीब 80 हजार शिकायतों का समाधान निकाला गया। इस दौरान उपभोक्ताओं को 52 करोड़ रुपये का रिफंड कराया गया। इसमें सबसे ज्यादा 36.80 करोड़ रुपये का रिफंड ई-कॉमर्स सेक्टर से जुड़ा था। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

नैशनल कंस्यूमर हेल्पलाइन (NCH) का ऐक्शन

NCH ने 25 अप्रैल 2025 से 31 जनवरी 2026 तक उपभोक्ताओं की 79521 शिकायतों का निपटारा मुकदमे के स्तर तक जाने से पहले ही कराने में मदद की। NCH पर आने वाली शिकायतें एक तय अवधि में हल कराने के लिए सीधे कंपनियों के पास भेज दी जाती हैं और इन पर नजर रखी जाती है।

मंत्रालय के मुताबिक, सबसे ज्यादा 47743 शिकायतें ई-कॉमर्स सेक्टर से रहीं और इनको दूर कराते हुए उपभोक्ताओं को 36,79,86,191 रुपये रिफंड कराए गए।

कहां से कितना रिफंड

- **ई-कॉमर्स रिफंड:** 36 करोड़ रुपये से ज्यादा (47,743 शिकायतें)।
- **ट्रेवल एंड टूरिज्म :** 4.16 करोड़ रुपये से ज्यादा (5,149 शिकायतें)।
- **एजेंसी सर्विसेज :** 1.54 करोड़ रुपये (1,103 शिकायतें)।
- **इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स रिफंड:** 1.45 करोड़ रुपये से ज्यादा (788 शिकायतें)।
- **जनरल इंश्योरेंस रिफंड:** 1.18 करोड़ रुपये से ज्यादा (293 शिकायतें)।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRBP User: cci Time: 02-17-2026 22:07 Color:

NBT AI टाइम मशीन

जब अंग्रेजों के खिलाफ उतरी नेवी

1946 में आज ही के दिन रॉयल इंडियन नेवी (RIN) ने अंग्रेजों के नस्ली भेदभाव और खराब काम के हालात की वजह से बगावत का ऐलान किया था। इसे आजादी की आखिरी लड़ाई के तौर पर जाना जाता है। बॉम्बे (मुंबई) में HMIS तलवार से विद्रोह शुरू हुआ और कराची, कलकत्ता (कोलकाता) तक फैल गया। बाद में सरदार पटेल और जिन्ना जैसे नेताओं की सलाह के बाद बगावत खत्म की गई थी।

NBT

Front Page-2

नेवी में इंसानी भूमिका हो जाएगी सीमित

ChatGPT के मुताबिक, भविष्य में इंडियन नेवी पूरी तरह AI ऑपरेटेड होगी और इंसानी दखल बेहद कम रहेगा। ऑटोनोमस एयरक्राफ्ट कैरियर, बिना क्रू की न्यूक्लियर पनडुब्बियां और ड्रोन स्वॉर्म सामान्य होंगे। Mach 10+ हाइपरसोनिक मिसाइलें, लेजर और डायरेक्टेड एनर्जी हथियार मुख्य वेपन बन सकते हैं। नेवी स्पेस-इंटीग्रेटेड होकर सैटेलाइट आधारित रियल-टाइम सर्विलांस और सुरक्षित क्वांटम कम्युनिकेशन उपयोग करेगी।

AI Images

'भारत-फ्रांस मिलकर एवरेस्ट तक उड़ने वाला हेलिकॉप्टर बनाएंगे'

Poonam.Pandey@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रिमोटली H-125 हेलिकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन की शुरुआत की। दोनों नेता मुंबई में थे और असेंबली लाइन कर्नाटक के वेमगल में शुरू हुई है। ये यूरोप की बड़ी कंपनी एयरबस और भारत की टाटा अडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (TASL) का जॉइंट वेंचर है। यहां H-125 हेलिकॉप्टर बनाए जाएंगे। बेंगलुरु के वेमगल में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हेलिकॉप्टर असेंबली लाइन पर कहा कि फ्रांस से हमारा सहयोग अडिग है।

H125 इतिहास का एकमात्र हेलिकॉप्टर है, जो मार्टर एवरेस्ट की चोटी पर उतर चुका है। 'मेड इन इंडिया' H125 हेलिकॉप्टर सिर्फ सिविलियन हेलिकॉप्टर नहीं है। यह भारतीय सेनाओं की जरूरतें भी पूरी कर सकता है। हेलिकॉप्टर का मिलिट्री वर्जन बनाने की भी प्लानिंग है। पहला मेड-इन-इंडिया असैनिक H-125 हेलिकॉप्टर अगले साल के शुरू में मिलने की उम्मीद है। यह हेलिकॉप्टर दक्षिण एशिया में निर्यात भी किया जा सकेगा। यह सिंगल-इंजन हेलिकॉप्टर है, जिसमें पायलट और छह यात्री बैठ सकते हैं। यह 250 Km/घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है।

मोदी-मैक्रों ने रिमोट से H-125 चॉपर की फैक्ट्री शुरू की

पार्टनरशिप की कोई बाउंड्री नहीं: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत-फ्रांस की पार्टनरशिप पर कहा कि ऑर्बिक उथल-पुथल से भरे युग में ये ग्लोबल स्टेबिलिटी और ग्लोबल प्रोग्रेस की पार्टनरशिप है। भारत और फ्रांस की पार्टनरशिप की कोई बाउंड्री नहीं है। ये गहरे महासागर से लेकर ऊंचे पहाड़ों तक पहुंच सकती है।

'यूरोप से रिश्तों में 2026 टर्निंग पॉइंट'

मोदी ने कहा कि 2026 भारत और यूरोप के संबंधों में टर्निंग पॉइंट है। कुछ ही दिन पहले यूरोपियन यूनियन के साथ फ्री ट्रेड ऑग्रीमेंट किया है। ये भारत-फ्रांस संबंधों में अभूतपूर्व गति लाएगा। हम अपनी स्ट्रैटजिक साझेदारी को लोगों के बीच की साझेदारी बनाने जा रहे हैं। हम जॉइंट इनोवेशन के नए सेंटर भी बनाएंगे। हम फ्रांस की विशेषज्ञता और भारत का स्केल मिला रहे हैं और भरोसेमंद तकनीक विकसित कर रहे हैं। भारत और फ्रांस दोनों ही प्राचीन और समृद्ध सभ्यताएं हैं। हम फ्रांस में स्वामी विवेकानंद कल्चरल सेंटर खोलने जा रहे हैं।

PTI

मुंबई में मंगलवार से शुरू इंडिया-फ्रांस इनोवेशन फोरम-2026 में पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों।

हैमर मिसाइल भी मिलकर बनाएंगे

फ्रांस की कंपनी साफ्रान और भारत की BEL भारत में HAMMER (हैमर) मिसाइल मिलकर बनाएंगे। यह आधुनिक, सटीकता से वार करने वाली हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइल है। HAMMER (रिसीजन-गाइडेड (सटीक निशाना लगाने वाली) मिसाइल है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वायुसेना ने हैमर मिसाइल भी तैनात की थी। इसे विशेष रूप से पहाड़ी और कठिन इलाकों में सटीक हमले के लिए प्रभावी माना जाता है, जहां सामान्य बमों से सटीक निशाना लगाना काफी कठिन होता है।

राजनाथ ने कहा...

'पाकिस्तान पूरे क्षेत्र में शांति के लिए गंभीर खतरा'

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस की सशस्त्र बल मामलों की मंत्री (रक्षा मंत्री) **कैथरीन वॉत्रीन** (Catherine Vautrin) ने भारत-फ्रांस डिफेंस डायलॉग की अध्यक्षता की। राजनाथ ने आतंकवाद पर कहा कि पाकिस्तान का लंबे समय से सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने और समर्थन करने का इतिहास रहा है, जिससे भारत में अशांति और हिंसा फैलाने की कोशिश की जाती है। इससे पूरे क्षेत्र में शांति के लिए एक गंभीर खतरा पैदा हुआ है।

फ्रांस और भारत के रक्षा मंत्री।

खालिदा के बेटे ने 11वें पीएम के रूप में संभाली कमान

बांग्लादेश ने लिखी तारिक की तारीख

■ एपी/आईएएनएस, ढाका

बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी के मुखिया तारिक रहमान ने मंगलवार को देश के 11वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही बांग्लादेश में 18 महीनों से चल रहे अंतरिम शासन का अंत हुआ और अवामी लीग की शेख हसीना सरकार के अगस्त 2024 में तख्तापलट के बाद से इस पड़ोसी देश में जारी अस्थिरता के बाद नई राजनीतिक व्यवस्था की शुरुआत हुई।

60 वर्षीय तारिक रहमान पहली बार प्रधानमंत्री बने हैं। शपथ से पहले BNP के सांसदों ने उन्हें औपचारिक रूप से संसदीय दल का नेता चुना। वह पूर्व पीएम खालिदा जिया और बीएनपी संस्थापक पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बेटे हैं। साथ ही, बांग्लादेश के इतिहास में 35 वर्षों में पहले पुरुष प्रधानमंत्री हैं। साल 1991 के बाद से देश में या तो उनकी मां खालिदा जिया या प्रतिद्वंद्वी शेख हसीना ही पीएम रही थीं।

रहमान के अलावा 25 कैबिनेट मंत्रियों और 24 राज्यमंत्रियों को भी पद की शपथ दिलाई गई। इनमें हिंदू कैबिनेट मंत्री निताई रॉय चौधरी और बौद्ध मंत्री दिपेन देवान चकमा भी शामिल हैं। कैबिनेट मंत्रियों में से 17 नए चेहरे हैं। सभी 24 राज्यमंत्री नए हैं। JNU में पढ़े खलीलुर रहमान को कैबिनेट में जगह मिली है।

गुरुवार को हुए 13वें संसदीय चुनाव में BNP गठबंधन ने 299 में से 212 सीटें जीतकर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार किया था। कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी के 11 दलों वाले गठबंधन को 77 सीटें मिली हैं। जमात के अमीर शफीकुर रहमान को विपक्ष का नेता चुना गया। महत्वपूर्ण NCP के संयोजक नाहिद इस्लाम संसद में विपक्ष के मुख्य सचेतक यानी चीफ विप बने।

हिंदू-बौद्ध भी मंत्री बने, JNU में पढ़े खलीलुर भी कैबिनेट में

AP

पहली बार पीएम

BNP नेता तारिक रहमान ने पहली बार पीएम पद की शपथ ली है। इस मौके पर परिवार के लोगों ने भी उन्हें बधाई दी।

17 साल निर्वासन से पीएम पद तक...

BNP नेता तारिक रहमान ने मंगलवार को पीएम पद संभालते ही बांग्लादेश के इतिहास में नई तारीख लिख दी। उनकी 17 साल निर्वासन से पीएम पद तक की यात्रा बांग्लादेश की राजनीति में ऐतिहासिक बदलाव है। जानकारों का कहना है, तारिक रहमान की सफलता इस पर निर्भर करेगी कि वह आर्थिक सुधार, राजनीतिक स्थिरता, लोकतांत्रिक संस्थाओं को कितना मजबूत कर पाते हैं।

6 साल की उम्र में जेल गए

20 नवंबर 1965 को तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के ढाका में तारिक रहमान का जन्म हुआ। पिता जियाउर रहमान बांग्लादेश के राष्ट्रपति और BNP के संस्थापक थे। साल 1971 में पाकिस्तान से जंग में 6 साल की उम्र में भाई और मां के साथ जेल जा चुके हैं। तारिक को BNP आजादी की जंग में सबसे कम उम्र का कैदी बताती है। कॉलेज के दूसरे साल पढ़ाई छोड़ी थी।

आंदोलन में कूदे...

1988 में सैन्य शासक मोहम्मद इरशाद के खिलाफ आंदोलन में तारिक भी मां खालिदा जिया के साथ सक्रिय रहे। टेक्सटाइल और एबी बेरड इंडस्ट्री में उद्यमी बने। साल 2001-06 के बीच मां खालिदा जिया की BNP सरकार में सक्रिय रहे, पर पद नहीं लिया।

...जब लंदन जाना पड़ा

मार्च 2007 में अंतरिम सरकार ने गिरफ्तार किया। सितंबर 2008 में जमानत पर रिहा हुए और लंदन चले गए। वहीं 17 साल निर्वासन में रहे। बुनुस की अंतरिम सरकार ने सभी केसों में बरी किया। बीती दिसंबर में ही लौटे थे।

प्रचार में संयमित रहे: चुनाव प्रचार में संयमित रवैया अपनाया। उग्र बयानबाजी से बचते हुए राष्ट्रीय एकता और लोकतंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया। अब देश की इकॉनमी और सुशासन बड़ी चुनौती है।

दोस्ती का पैगाम

ओम बिरला ने सौंपा भारत आने का न्योता

PTI

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शपथ ग्रहण में पहुंचे।

भारत से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बांग्लादेश में नई सरकार के गठन में पहुंचे। बिरला ने नवनियुक्त पीएम तारिक रहमान से मिलकर उन्हें भारत और पीएम नरेन्द्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं और भारत आने का न्योता दिया। बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त रियाज हामिदुल्लाह ने ओम बिरला और तारिक रहमान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की और लिखा कि प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने भारत और प्रधानमंत्री मोदी को शुभकामनाएं दी हैं। ...उम्मीद जताई, बांग्लादेश और भारत दोनों देश लोगों की भलाई के लिए मिलकर काम करेंगे।

संविधान बदलाव पर सियासी टकराव तेज़

संविधान में बदलाव के मामले में सियासी टकराव भी तेज हो गया है। दरअसल संसदीय चुनाव के साथ संवैधानिक सुधारों से जुड़े जनमत संग्रह को भी मंजूरी दी गी है। इसके तहत नई संसद 180 दिनों के लिए संविधान सभा की तरह काम करेगी। इस दौरान संवैधानिक बदलाव होंगे। पर इसके कई प्रावधानों पर BNP को आपत्ति है। यही वजह है कि पार्टी के किसी भी सांसद ने संविधान सुधार परिषद के सदस्य के रूप में शपथ नहीं ली है।

संविधान सुधार परिषद के सदस्य की शपथ नहीं

चीजों का हथियार की तरह इस्तेमाल हो रहा: जयशंकर

PTI

मुंबई: ग्लोबल कॉन्फ्रेंस में विदेश मंत्री जयशंकर और फडणवीस।

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि दुनिया मुश्किल और अनिश्चित दौर में पहुंच गई है। शायद यह हमारी जिंदगी का सबसे अधिक उथल-पुथल वाला दौर है। चीजों का इस्तेमाल हथियार की तरह हो रहा है। उत्पादन, पैसे और बाजार की ताकत का गलत इस्तेमाल हो रहा है। देशों ने निर्यात पर भी सख्ती कर दी है। भारत मजबूत स्थिति में है और देशों से ज्यादा जुड़ रहा है। हाल में हुए व्यापार समझौते इसका सबूत है। विदेश मंत्री 'वैश्विक आर्थिक सहयोग सम्मेलन' में बोल रहे थे।

'भारत मजबूत स्थिति में है, FTA इसके सबूत हैं'

अमेरिकी अश्वेत नेता जेसी जैक्सन नहीं रहे

■ एपी, वॉशिंगटन: अमेरिका के प्रमुख अश्वेत नेता और सिविल राइट्स ऐक्टिविस्ट जेसी जैक्सन का मंगलवार को 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 1960 के दशक में महान नेता मार्टिन लूथर किंग जूनियर के साथ नस्ली भेदभाव के खिलाफ आंदोलन किया। मार्टिन की 1968 में हत्या के बाद जैक्सन ने इस आंदोलन की कमान संभाली थी। 1984 और 1988 में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव भी लड़ा, जीत नहीं सके।

जेसी जैक्सन

SPEED News

साल का पहला सूर्य ग्रहण भारत में नहीं

साउथ अमेरिका, अफ्रीका और दक्षिणी हिस्सों में मंगलवार को सूर्य ग्रहण दिखा। 'रिंग ऑफ फायर' अंटार्कटिका में ही दिखा।

अमेरिका में मैच में फायरिंग, 3 की मौत

US के रोड आइलैंड में सोमवार दोपहर को हाई स्कूल हॉकी मैच में गोलीबारी हुई। मरने वालों में हमलावर भी शामिल है।

एपस्टीन फाइलें छिपा रहा ट्रंप प्रशासन:हिलेरी

पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि फाइलें जारी कीजिए। इन फाइलों में पूर्व राष्ट्रपति और हिलेरी के पति बिल क्लिंटन का नाम भी है।

रूस-यूक्रेन जंग खत्म करने की कोशिशें तेज

रूस-यूक्रेन जंग समाप्त करने की कोशिशों के तहत अमेरिकी मध्यस्थता में जिनीवा में बातचीत हुई। इटली, जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन के राजनयिक भी बातचीत में शामिल हुए।

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज़ की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. बांग्लादेश में 11वें PM बने तारिक रहमान के BNP गठबंधन ने संसदीय चुनावों में कितनी सीटें जीती हैं?
A. 112 B. 212 C. 312

2. T20 वर्ल्ड कप के इतिहास में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज कौन हैं?
A. यूवराज समरा B. अहमद शहजाद C. दिलप्रीत बाजवा

3. भारत और फ्रांस मिलकर कौन-सा हेलिकॉप्टर कर्नाटक के वेमगल में बनाएंगे?
A. धिनूक B. अवाथे C. एच-125

4. देश के पहले AI मल्टि-मॉडल LLM का क्या नाम है?
A. भारत Gen B. भाषिणी C. जेमिनी

5. देश के हवाईअड्डों की सुरक्षा इनमें से किस पैरामिलिट्री के हाथ में है ?
A. BSF B. CRPF C. CISF

कल के जवाब

A1 B. 12 A2 A. भारत मंडपम
A3 C. वेस्टर्न कमांड A4 A. 1.01%
A5 B. खालिदा जिया

लकी विनर्स

1. नरेंद्र मनुरिया, नई दिल्ली
2. देवेन्द्र कुमार पाल, दिल्ली
3. नगन सक्सेना, गाजियाबाद

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

ट्रंप ने चेताया, ईरान ने होर्मुज में मिसाइलें दागी

जिनीवा में ईरान के खिलाफ प्रदर्शन भी हुए।

■ एपी, जिनीवा/वॉशिंगटन: अमेरिका और ईरान ने मंगलवार को जिनीवा में दूसरे दौर की अप्रत्यक्ष बातचीत में हिस्सा लिया। ओमान की मध्यस्थता में हो रही इस अप्रत्यक्ष बातचीत में दोनों देशों के प्रतिनिधि अलग-अलग कमरों में रहे और मध्यस्थों के जरिए तीन घंटे तक उनमें बातचीत हुई।

बातचीत से पहले ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz) की ओर मिसाइलें दागने का सैन्य अभ्यास किया। इस अहम समुद्री मार्ग से ही दुनिया के 20% कच्चे तेल की आवाजाही होती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भी कहा कि मैं भी इस बातचीत में इनडायरेक्ट रूप से शामिल रहूंगा।

ओमान की मध्यस्थता में अमेरिका और ईरान की बातचीत हुई

माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली आवास परियोजना लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड द्वारा निष्पादित

NBCC A Navratna CPSE

ASPIRE

ई-नीलामी के माध्यम से मालसूची की थोक बिक्री

एस्पायर सिलिकॉन सिटी
फेज़-IV, सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश
» मालसूची आधुनिक सुविधाओं से युक्त 4 बी.एच. के. और विशाल डुप्लेक्स अपार्टमेंट
» स्पेक्ट्रम मॉल, नोएडा के पास और निकटतम मेट्रो स्टेशन नोएडा सेक्टर-50 (एक्वा लाइन) एवं सेक्टर-76 मेट्रो हैं तथा आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन 25 मिनट

एस्पायर सिलिकॉन सिटी

एस्पायर लेज़र पार्क
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
» मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
» डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन 30 मिनट



एस्पायर लेज़र पार्क

एस्पायर लेज़र वैली
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
» मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच. के. एवं 4 बी. एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
» डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन 35 मिनट

एस्पायर लेज़र वैली

एस्पायर सेंचुरियन पार्क
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
» मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच. के. एवं 4 बी. एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
» डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन 30 मिनट

एस्पायर सेंचुरियन पार्क

ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि: 27.02.2026

ई-नीलामी 28.02.2026 को आयोजित की जाएगी

ई.एम.डी. राशि 9.70 करोड़ रु. से 20.90 करोड़ रु. तक

6 पैकेज जिनका मूल्य 485 करोड़ रु. से 1,045 करोड़ रु. तक है

प्री-बिड मीटिंग दिनांक 19-02-2026 को सुबह 11:30 बजे डब्लू टी सी, नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी

कृपया ई-नीलामी दस्तावेज के लिए क्यू आर कोड करें

कृपया अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें: www.nbccindia.in | www.receiveramrapali.in
या : 9772907414

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP2 User: sachin.saini@timesofindia.com Time: 02-17-2026 20:30 Color:

GALGOTIAS UNIVERSITY

RISING

Globally

POWERED BY

AI

DRIVEN BY

INNOVATION

NVIDIA CENTRE FOR SUPERCOMPUTING & ADVANCED AI RESEARCH

CISCO CENTRE OF EXCELLENCE

HCL TECH CENTRE OF EXCELLENCE

TECH MAHINDRA CENTRE OF EXCELLENCE

WIPRO CYBER SECURITY CENTRE OF EXCELLENCE

VISION SCIENCE & OPTOMETRY PRACTICE CENTRE

VIVO CENTRE OF EXCELLENCE

DIGITAL NURSING SIMULATION & SKILL LAB

HP-INTEL AI FOR FUTURE WORKFORCE LAB

TATA TECHNOLOGIES CENTRE OF EXCELLENCE

CENTRE FOR DRONE INTELLIGENCE & SIMULATION

ELECTRIC VEHICLE CENTRE OF EXCELLENCE

SEMICONDUCTOR RESEARCH LAB

CENTRE FOR DESIGN THINKING & AUGMENTED REALITY

IIT MANDI CATALYST CENTRE

ADVANCED GEOTECHNICAL AND EARTH SCIENCE CENTRE

30+ Industry-Led Centres of Excellence

INDIA'S 1ST DRONE SOCCER ARENA

Launched India's 1st and Finest AI-Led Active Learning Campus

In consultancy collaboration with **InsPIRE** at **NANYANG TECHNOLOGICAL UNIVERSITY SINGAPORE**

G-SCALE

GALGOTIAS STUDENT CENTERED ACTIVE LEARNING ECOSYSTEM

• Critical Thinking • Collaboration • Engagement • Experiential Learning

G-SCALE moves education beyond passive lectures to an environment where students actively engage in real-world problem-solving, collaboration, and experiential learning.

QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2026 RANKED 1201-1400

RANKED **15th** amongst Top Private Universities in India.

RANKED **43rd** amongst Top Private & Government Universities in India.

APPLY TODAY FOR CAREER FOCUSSED 2026–27 UG/PG/DIPLOMA/PH.D. PROGRAMMES

Computer Science and Engineering | Electronics and Communication Engineering | Electrical Engineering | Mechanical Engineering | Civil Engineering | Computer Applications and Technology | Defence Technology | Artificial Intelligence | Business | Aviation | Logistics and Supply Chain Management | Tourism Management | Liberal Education | Languages | Finance & Commerce | Basic Sciences | Biosciences and Technology | Forensic Sciences | Agriculture | Law | Pharmacy | Allied Health Sciences | Nursing | Media and Communication Studies | Hospitality | Design | Education | Polytechnic | Vocational Education

GALGOTIAS UNIVERSITY

Galgotias Admissions Helpline No.
9810162221, 9717300418, 9582847072

9971026125
0120-4370000

APPLY NOW

Web: www.galgotiasuniversity.edu.in | **Email:** admission@galgotiasuniversity.edu.in

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 2 Page: NBTGRP3 User: cci Time: 02-17-2026 22:34 Color:

फ्रांस के राष्ट्रपति के नाम एक दिल्ली वाले का खत

मुंबई तो ठीक, लेकिन दिल्ली के फुटपाथ पर मत करना जॉगिंग

फ्रांस के राष्ट्रपति का मुंबई में जॉगिंग का विडियो वायरल

■ फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मंगलवार को मुंबई के फुटपाथ पर जॉगिंग करते दिखे। उनके इस विडियो को सोशल मीडिया पर खूब वायरल किया गया। लेकिन एक दिल्लीवाला आपको बताना चाहता है कि मुंबई तो ठीक है, लेकिन दिल्ली में आप यह रिस्क मत लेना। दिल्ली के फुटपाथ जॉगिंग के लायक नहीं हैं। यहां के फुटपाथ बिजली के ट्रांसफॉर्मर के लिए हैं, मवेशियों के लिए हैं। यहां अगर आपको जॉगिंग करनी है तो आप फिर पार्क में जाइएगा। यहां के जॉगिंग ट्रैक आपको एक अलग एनर्जी देंगे। लेकिन फुटपाथ पर जॉगिंग बहुत रिस्की है। अगर आपने ऐसा किया तो हमारी दिल्ली के फुटपाथ एक बार फिर दुनिया के सामने आ जाएंगे। हमारे फुटपाथ जो दूर से हरे भरे दिखते हैं, चौड़े हैं, लेकिन यह मुंबई जैसे साफ हरगिज नहीं हैं।

दिल्ली की फुटपाथ पर जॉगिंग करेंगे तो आप किसी ट्रांसफॉर्मर से टकरा जाएंगे। इस बाथ से पर पाने के लिए आप फुटपाथ छोड़कर ट्रैफिक से भरी सड़क पर आने को मजबूर हो जाएंगे। सड़क पर अलें ही गाड़ियों के हॉर्न से आपका सामना होगा। यदि हॉर्न नहीं बजे तो कोई तेज रफ्तार गाड़ी आपके इतना करीब से गुजर जाएगी कि कुछ पल के लिए आप सदमे में आ सकते हैं। फुटपाथ पर आपके साथ ऐसा भी हो सकता है कि थोड़ी दूर जाने के बाद आपको फुटपाथ ही नजर न आए। एक अनजान जगह पर फुटपाथ आपको ले जाकर छोड़ दे।

यहां के फुटपाथ की एक अच्छी बात यह है कि वह शरीर के हर मसल की एक्सरसाइज करवा देते हैं। यहां के फुटपाथ पर आपको पेड़ ऐसे दिखेंगे जिनको निकालने के लिए आपको कभी झुकना पड़ेगा, कभी कूदना पड़ेगा और कभी खुद को सिकोड़ना पड़ेगा। पेड़ रूपी इस बाधा को पार करके आप आगे जाएंगे तो आपको कुत्ते व गाय का झुंड नजर आ सकता है। मजाल है कि यह झुंड आपको आगे जाने का रास्ता दे दे। इन सब के बावजूद यदि आप सड़कों पर दौड़ भी लिए तो यकीन मानिए आपके वापस जाने पर आपको पहचानने में लोग भूल कर सकते हैं। फुटपाथ की धूल, आपके चेहरे और कपड़ों को इस कदर बदल देगी कि आप एक बार को अपना चेहरा भी आइने में पहचान नहीं सकेंगे। ऊपर से दिल्ली का प्रदूषण तो है ही। तो रिस्क मत लिजिएगा प्लीज।

'न इलाज मिला न इंसाफ, एग्ज़ाम के नाम पर आरोपी को बेल क्यों?'

साहिल

■ नवीन निश्चल, द्वारका

द्वारका के बागडोला में रहने वालीं इन्दा माकन के लिए उनका बेटा साहिल केवल उनकी संतान नहीं, बल्कि एक 'सिंगल मदर' के वर्षों के संघर्ष का वह गौरव था, जिस पर उन्हें हमेशा नाज रहता था। उन्होंने पाई-पाई जोड़कर साहिल को इस काबिल बनाया कि वह जर्मनी और मैनचेस्टर जैसे शहरों में अपना भविष्य संवारे, आज उसी बेटे की तस्वीरें और कपड़े उनके सीने से लगे हैं। इन्दा अक्सर अपने बेटे से कहती थीं, 'बेटा, इस देश के सिस्टम में मत रहना, यहां से बाहर निकल जाओ,' लेकिन नियति और प्रशासनिक अनदेखी को कुछ और ही मंजूर था।

एनबीटी से बातचीत करते हुए वह बार-बार यही कहती रहीं कि मेरा बेटा बाहर जाने वाला था, सब तैयारी हो रही थी। उसका लास्ट सेमेस्टर बचा था। मैंने सिंगल मदर रहते हुए बहुत मुश्किल से सरवाइव किया है, मैं बेटे को कभी भी इस कंट्री में रखना नहीं चाहती थी। मैं अपने बच्चे को अच्छी लाइफ देना चाहती थी। हमारे रिश्तेदार कहते थे कि इसे बाहर मत भेजना, वहां जाने के बाद बच्चे बदल जाते हैं, लेकिन मैं किसी की नहीं सुनती थी। साहिल के नजदीकी दोस्त मानस ने बताया कि कुछ दिन पहले उससे पूछा था कि मुझे जर्मनी और मैनचेस्टर का ऑफर मिला है, क्या तुम भी साथ में चलोगे, मैंने कहा कि मेरे सारे पेपरस्त यहीं रहते हैं। मैं तुम्हारे साथ बाहर नहीं जा पाऊंगा।

साहिल की मां इन्दा माकन ने सिस्टम पर उठाया सवाल

आरोपी के पिता को भी घेरा

उन्होंने आरोपी के पिता पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि वह जब खुद ट्रांसपोर्टर हैं, तो उनो क्या रूल्स नहीं पता है। कैसे सड़क पर गाड़ी चलती है, क्या-क्या डॉक्युमेंट्स लेने चाहिएं। क्या नियम कानून हैं, क्या वह पैसे वाला है, इसलिए ओवर कॉन्फिडेंट है, क्या कुछ भी कर लेगा। जिस बच्चे को मैंने पाई-पाई जोड़कर, पढ़ा लिखाकर बड़ा किया, अंतिम समय में इस सिस्टम ने मुझे उनो गले भी लगाने नहीं दिया। इसलिए मैं कहती थी बेटा तुझे यहां नहीं रहना है।

साहिल की मां इन्दा माकन

'बेटा! तुझे इस देश में नहीं रहना है...'



साहिल के कमरे में लगे हैं कई मोटिवेशनल कोट्स

'मुझे 3 फरवरी को 1 बजकर 19 मिनट पर पुलिस की कॉल आई। पुलिस ने बताया गया कि मुझे यहां पर एक बाइक मिली है- R-15। बाइक का एक्सिडेंट हुआ है, लड़के की ऑन द स्पॉट मौत हो गई है। मैं दौड़ते-भागते वहां पहुंची। सड़क पर मेरा बच्चा पड़ा था। उसकी हालत बेहद खराब थी। बच्चे की स्पोर्ट्स बाइक के तीन टुकड़े हो गए थे। जैकेट के भी चिथड़े हो रखे थे। मैं 10 मिनट तक चिल्लाती रही। वहां ऐम्बुलेंस खड़ी थी, लेकिन बच्चा वहीं रोड पर पड़ा था। मैं 1:30-1:35 तक पहुंची थी। मुझसे पहले मेरे ऑफिस की लड़की वहां पहुंच चुकी थी। मेरे एक पड़ोसी भी थे। मेरे जाने के 10 मिनट बाद मेरे बच्चे को उठाया। उसे ऐम्बुलेंस में डालकर दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया। मैं भी पीछे-पीछे पहुंची। हॉस्पिटल में मैं 4 घंटे तक चिल्लाती रही। मैं अपने बच्चे की बीटी मंग रही थी। मैं अपने बच्चे के लिए लास्ट चांस लेना चाहती थी। मैं अपने खुबों पर बच्चे को प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाना चाहती थी। लेकिन मेरे लाख कहने पर भी किसी ने मेरे बच्चे को नहीं दिया। बाद में उसे मेर्चरी ले गए। फिर पोस्टमॉर्टम के बाद मुझे मेरे बच्चे की बॉडी मिली। सिंगल मदर होने के कारण मैंने 23 साल तक बच्चे को अकेले पाला था। मैं हमेशा से चाहती थी वो इस कंट्री में न रहे। मैं यहां के हालात, टॉर्चर देखकर शुरू से उसे कहती थी बेटा कहीं और चले जाना।'

साहिल ने अलग-अलग इवेंट्स और प्रतियोगिता में जीते थे कई मेडल

ये बातें इन्दा माकन ने कही। इन्दा के 23 वर्षीय बेटे साहिल धनेजा की बीते दिनों दिल्ली में हुए एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इन्दा ने बताया कि जिस एसयूवी से बेटे की बाइक में टक्कर लगी, उस पर पहले से 13 चालान थे। ये सभी चालान ओवरस्पीड के हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपी को अंतरिम जमानत मिल गई है। मैं पुलिस से मिली तो मुझे कहा गया कि हमारी ओर से निष्पक्ष जांच होगी। सोचिए कि ओवरस्पीड के 13 चालान फिर भी उस दरिंदे को कोर्ट ने फर्जी पेपर पर जमानत दे दिया।

बेटे को सरकारी हॉस्पिटल ले जाने पर भी उठाए सवाल

इन्दा माकन का कहना है कि मैं बेटे के क्रिया-कर्म में बिजी थी और उधर आरोपी को बोर्ड एग्जाम के नाम पर छोड़ दिया गया। बेटे की तस्वीर को सीने से लगाए इन्दा कहती हैं, 'आप किसी को मार दो और बेल मिल जाएं। सबको पता है कि वह नाबालिग है, लाइसेंस नहीं है और वह ओवरस्पीड गाड़ी के अंदर बैठकर रील बन रहा था। रील के चक्कर में हमारे बेटे की जान ले ली। उन्होंने इंदिरा गांधी हॉस्पिटल में बेटे को ले जाने पर भी सवाल खड़ा किया। वह कहती हैं, 'मुझे पता है कि वहां अच्छी सुविधा नहीं है। मैं मेरे के साथ वहां इलाज करवाने जा चुकी हूं, मुझे पता है कि वहां पर कैसे इंतजाम हैं, लेकिन मेरे बेटे को उसी अस्पताल में लेकर गए। मैं उसे प्राइवेट हॉस्पिटल में लेकर जाना चाहती थी, लेकिन मुझे नहीं ले जाने दिया।'

मां ने कहा, मैं उसे प्राइवेट अस्पताल में ले जाना चाहती थी

'मेरा बेटा दो घंटे तक रोड पर तड़पता रहा'

जिस कार से हादसा हुआ, उस पर सवाल खड़े करते हुए उन्होंने कहा कि जिस कार का 13 चालान ओवरस्पीड और बिना ड्राइविंग लाइसेंस चलाने को लेकर हो चुका हो और वह फिर भी रोड पर मौत बनकर दौड़ रही हो, तो इस सिस्टम को क्या कहा जाए ? मेरा बेटा 2 घंटे तक सड़क पर तड़पकर मर गया, ऐम्बुलेंस खड़ी थी, लेकिन मेरे पहुंचने के बाद उसमें डालकर ले गए। पहले ले जाते तो शायद मेरा बच्चा जिंदा होता।

जांच में 17 साल का निकला आरोपी: DCP

■ NBT रिपोर्ट, द्वारका

द्वारका के डीसीपी अंकित सिंह ने इस मामले में बताया कि जिस दिन 3 फरवरी को यह हादसा हुआ था, उस दिन शुरू में जब आरोपी को पकड़ा गया तो उसने अपनी उम्र 19 साल बताई थी। लेकिन उसके पास कोई डॉक्युमेंट नहीं मिला था। नब उसके पिता को बताया गया और सारे डॉक्युमेंट की जांच की गई तो आरोपी लड़के की उम्र 17 साल कुछ महीने निकली। 3 फरवरी को ही आरोपी लड़के को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के सामने पेश किया गया। जहां से उसको ऑब्जर्वेशन होम में भेज दिया गया था।

DCP अंकित सिंह ने बताया, हादसे के बाद उसने 19 साल बताई थी

10 फरवरी को उसको जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के द्वारा बोर्ड एग्जाम के लिए अंतरिम बेल दी गई। इस मामले में आरोपी के पिता को उसी दिन बॉडल डाउन कर लिया गया था। उनको इस केस में आरोपी बना दिया गया है। मृतक साहिल की मां से कुछ व्यक्तिगत रूप से मिल चुके हैं। सारी जानकारी उनको उपलब्ध कराई गई है। यह अत्यंत ही दुखद है, जल्द ही इस मामले में चार्जशीट दाखिल करेंगे। कुछ और भी जानकारी की जरूरत साहिल की मां को पड़ेगी तो वह भी हम उपलब्ध कराएंगे।

'बेटा हमसे छिपाकर ले गया था कार'

इसी स्कॉर्पियो कार ने मारी थी साहिल की बाइक में टक्कर

■ नवीन निश्चल, द्वारका

साहिल को टक्कर मारने वाले नाबालिग आरोपी के पिता ने इस मामले में सफाई दी है। उन्होंने बताया कि वह हादसे के दिन घर पर नहीं थे। वह बाहर थे, बेटा मां से छिपाकर गाड़ी की चाबी लेकर चला गया था। यदि वह होते तो शायद ऐसा नहीं होता। गाड़ी के चालान को लेकर उन्होंने कहा कि उनका कमर्शल गाड़ियों का बिजनेस है। इस सिलसिले में आना-जाना होता है, गाड़ी उनका ड्राइवर चलाता है। ऐसे में चालान को लेकर मुझे नहीं पता।

उन्होंने यह भी कहा कि मेरी जानकारी में यह नहीं था कि बेटा कार चलाता है। हादसे के बाद से उनका बेटा डिप्रेशन में है। बेटा सदमे में किसी से बात भी नहीं कर रहा है। मुझे लग रहा है कि अगर इसी तरह चलता रहा तो एक और मां अपने बेटे को कहीं खो न दे।

साहिल को टक्कर मारने वाले आरोपी के पिता ने दी मामले में सफाई

आरोपी के पिता ने बताया कि हादसे वाले दिन को लेकर बेटी से बात हुई तो उसने बताया कि हम लोग नॉर्मल जा रहे थे, कार 35-40 की स्पीड में थी। अचानक बस के पीछे से बाइक सवार आया, उसने सोचा होगा निकाल लूंगा, लेकिन निकल नहीं पाया और उसकी बाइक गाड़ी से आकर टकरा गई। हमारी कार का एयरबैग खुल गया। हम लोगों को सिर में चोट लगी, उसके बाद हमें पता नहीं कि आगे क्या हुआ। हमने पेन ड्राइव में यह विडियो पुलिस और कोर्ट में भी दिया है। कोर्ट का जो आदेश होगा उसका पालन करेंगे। गलती हमारी भी है और हमारे बेटे की भी है।

'स्कॉर्पियो के आगे फंसी थी साहिल की बाइक'

एक्सिडेंट का हाल बताकर सिहर जाते हैं कैब ड्राइवर अजीत सिंह

पसलियां, कमर और रीढ़ की हड्डी में लगी है गंभीर चोट

कैब ड्राइवर अजीत सिंह

■ नवीन निश्चल, द्वारका

द्वारका सेक्टर-11 में 3 फरवरी को जिस स्कॉर्पियो कार की टक्कर से साहिल की मौत हुई थी, उसी हादसे में कैब ड्राइवर अजीत सिंह भी घायल हुए थे। वह दिल्ली के अम्बाहाई गांव में किराये के मकान में परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने एनबीटी से बातचीत में बताया कि उनकी पसलियां, कमर और रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट लगी हुई है। दिन में हादसे के बाद उन्हें इंदिरा गांधी अस्पताल लाया गया था, लेकिन उसी दिन शाम 4 बजे उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। जबकि उनकी हालत ठीक नहीं थी, उन्होंने डॉक्टर को बोला भी, पर ध्यान नहीं दिया गया। अभी उन्हें 3 महीने तक पूरी तरह बेड रेस्ट पर रहने को कहा गया है और 6 महीने तक गाड़ी चलाने से डॉक्टर ने साफ मना किया है।

3 फरवरी को हुए इस हादसे में कैब ड्राइवर भी हुए थे घायल

अजीत ने एक्सीडेंट वाले दिन को लेकर बताया कि कार साइड में लगकर वह स्नान खा रहे थे, तभी सड़क वाले मिरर पर उनकी नजर पड़ी तो देखा कि एक कार जिसके आगे बाइक फंसी हुई थी। वह तेजी से उनकी कैब के पीछे आ रही थी, जब तक वह अपनी कैब से उतर पाते, तब तक उसने पीछे से कैब में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि उनकी कैब आगे 10 मीटर दूर खड़ी बस में जाकर टकरा गई।

अजीत का कहना है कि द्वारका सेक्टर-11 के जिस रोड पर यह हादसा दिन में हुआ, वह सिंगल रोड है। लेफ्ट तरफ से एक बस जा रही थी, उसके पीछे साहिल बाइक पर जा रहे थे। जब वह बस से आगे निकले तो सामने से आ रही स्कॉर्पियो कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इसके बाद कार ने बाइक सहित उनकी कैब में टक्कर मार दी।

खतरनाक तरीके से की ड्राइविंग, आरोपी गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

खतरनाक तरीके से बाइक चलाते हुए उसका शॉर्ट विडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डालने वाले एक शख्स को न्यू उस्मानपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसने बिना नंबर प्लेट वाली बाइक पर लापरवाही और खतरनाक तरीके से ड्राइविंग की थी। नॉर्थ ईस्ट जिले के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार बाइक सवार की पहचान गली नंबर-2, खजूरी खास निवासी तुषार पुनिया (22) के तौर पर हुई है। विडियो में इस्तेमाल की गई बाइक भी उसके पास से बरामद कर ली गई है। उन्होंने बताया कि 16 फरवरी को इंस्टाग्राम पर एक रील वायरल हुई, जिसमें एक युवक बिना नंबर प्लेट वाली बाइक चलाते हुए और ट्रैफिक में चल रहे अन्य वाहनों के दरवाजे खोलते हुए दिखाई दे रहा था। मामले का संज्ञान लेते हुए न्यू उस्मानपुर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। एसएचओ राजेंद्र कुमार की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों से सुराग जुटाकर आरोपी का पता लगाया और उसे गिरफ्तार किया।

स्टंट का विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर आरोपी ने किया था पोस्ट

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 2 Page: NBTGRP4 User: vinay.vashisht@timesofindia.co Time: 02-17-2026 22:28 Color:

300 करोड़ के खर्च से पुलिसिंग का बदलेगा स्वरूप, बनेगी मॉडर्न

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार पुलिस बल को आधुनिक संसाधनों, बेहतर अवसंरचना और अत्याधुनिक प्रशिक्षण से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने घोषणा की कि पुलिस के आधुनिकीकरण पर 300 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं, जबकि 5500 नए पुलिस जवानों की भर्ती प्रक्रिया भी जारी है।

मुख्यमंत्री ने पंचकूला में आयोजित **स्वैट कमांडो कोर्स** के छठे बैच के समापन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस बैच में 88 जवानों—जिनमें 11 पीएसआई और 77 अन्य रैंक के कर्मी शामिल हैं—को आधुनिक हथियारों और विशेष अभियानों का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 85 लाख रुपये की लागत से बने अत्याधुनिक आभासी फायरिंग प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन भी किया।

यह अत्याधुनिक फायरिंग प्रशिक्षण केंद्र आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षण का ऐसा संगम है जो जवानों को वास्तविक परिस्थितियों का सटीक अनुभव प्रदान करेगा। यह केंद्र जवानों को बिना जोखिम के मुख्यमंत्री ने कहा कि आज समय पारंपरिक अपराधों से आगे बढ़ चुका है। आतंकवाद, संगठित अपराध, साइबर-समर्थित हमले और ड्रोन आधारित खतरे जैसी चुनौतियां हमारे सामने हैं। ऐसे समय में स्वैट जैसी विशेष इकाई की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आतंकवाद, संगठित अपराध, साइबर-समर्थित हमले और ड्रोन आधारित खतरे हमारे सामने हैं।

पंचकूला में मंगलवार को आयोजित स्वैट कमांडो कोर्स के छठे बैच के समापन पर मुख्यमंत्री ने प्रतिभाशाली कमांडो को सीएम ने सम्मानित किया।

- पंचकूला में स्वैट कमांडो बैच पास आउट, सीएम ने किया सम्मान
- 85 लाख का वर्चुअल फायरिंग सेंटर शुरू, ट्रेनिंग होगी हाईटेक, टेक्नोलॉजी से लैस होगी पुलिस

अब तक 25,700 कमांडो की ट्रेनिंग

स्वैट कमांडो कोर्स के दौरान जवानों को एंटी-टेरर ऑपरेशन, क्लोज क्वार्टर बैटल, ड्रोन ऑपरेशन, आईईडी हैंडलिंग और फायर फाइटिंग जैसी विशेष तकनीकों में दक्ष बनाया गया है।

लगभग 12 एकड़ क्षेत्र में फैले इस ट्रेनिंग सेंटर में बेसिक कमांडो कोर्स से लेकर स्वैट कमांडो कोर्स सहित 12 प्रकार के विशेष पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। अब तक यहां से 25 हजार 700 जवान प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रदेश और देश की सेवा में समर्पित हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने स्वैट कमांडो को संबोधित करते हुए कहा कि जब कोई जवान स्वैट कमांडो बनता है, तो वह केवल एक रैंक नहीं पाता बल्कि वह। सबसे सशक्त प्रहरी बन जाता है स्वैट जैसी विशेष इकाई की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

डीजल के खाली टैंकर में धमाका, मौत

■ NBT न्यूज, अंबाला

अंबाला-चंडीगढ़ हाइवे पर बलदेव नगर के पास मंगलवार एक बार फिर बड़ा हादसा हो गया। हाइवे किनारे खड़े डीजल के एक खाली टैंकर में अचानक जोरदार धमाका हो गया। हादसे के समय टैंकर पर वेल्डिंग का काम चल रहा था। धमाके की आवाज दूर तक सुनाई दी। आसपास अफरातफरी मच गई। हादसे में एक युवक की जान चली गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

हादसे में जान गंवाने वाले युवक की पहचान लखविंदर उर्फ लक्की के रूप में हुई है। लखविंदर पेशे से मैकेनिक और वेल्डर थे। वह अपने चाचा गुरचरण के साथ मिलकर वेल्डिंग का काम करता थे। मंगलवार को लखविंदर खाली डीजल टैंकर पर चढ़कर वेल्डिंग कर रहा थे। इसी दौरान टैंकर में अचानक धमाका हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार धमाका इतना तेज था कि लखविंदर संकुलन खो बैठे अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि इसी जगह पर तीन महीने पहले नवंबर में भी इसी तरह का धमाका हुआ था

12 राशियों और आपका दिन

ARIES (21 Mar - 19 Apr): आज का दिन आपके लिए अच्छा होगा, यदि आप अपना सुस्त्त जीवन सही तरीके से व्यतित करना चाहते है तो जीवन सभी के प्रति ईमानदार होना जरूरी है। अहंकार ही किसी जटिल काम के बन जाने से मार्ग की रुकावटें दूर होंगे। भविष्य में भी अच्छे कामों के लिए नए मार्ग खुलेंगे।

TAURUS (20 Apr - 20 May): हो सकता है आजकल आपको कोई ज्यादा महत्वपूर्ण और जरूरी काम सौंप दिया हो, लेकिन आपको दिन किसी शांत और विचार के अपने कार्यस्थल पर व्यस्त रहना चाहिए। काम किसी भी स्तर का हो या यदि आप उसे सफलता से पूरा कर दें तो आपका ही नाम अच्छे कार्यकर्ताओं में गिना जाएगा।

GEMINI (21 May - 21 Jun): आपका काम करने का तरीका गलत है। किसी भी जटिल काम को आसानी से पूरा कर देने में आपको ज्यादा दक्ष नहीं समझा है। आज भी किसी ऐसे ही समस्या पर वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान आपके उपर जाएगा, जिससे आपको परेशानी मिलेगी। गुरुजनों की सेवा करते रहें, इससे तीव्र निवारण होगा।

CANCER (22 Jun - 22 July): किसी भारी काम का बोझ आज आपके उपर आ सकता है इसके लिए आपको अपने काम से छुट्टी लेनी पड़ सकती है। यदि आप किसी उद्योग का संचालन कर रहे है तो छोटे कर्मचारियों की गतिविधियों पर भी नजर रखना नहीं भूलें। इनकी गलतियों से आपको उद्योग में नुकसान हो सकता है।

LEO (23 July - 22 Aug): किसी अच्छे अधिकार क्षेत्र में पुरस्कार अपना पर्याप्त काम्य रखना आपकी पुरानी आदत है। कभी-कभी इसके चलते आप लोगों के बीच में आलोचना का शिकार भी हो सकते हैं। आप एक अच्छे अधिकारी बन सकते हैं, लेकिन पहले अपना कार्यकर्ता बनना जरूरी है। इसलिए लोगों के बीच में अधिक न पड़ें।

VIRGO (23 Aug - 22 Sep): किसी वाद-विवाद को पकड़कर आपको अपने सहयोगियों और वरिष्ठ अधिकारियों से ज्यादा तर्क वितर्क नहीं करना चाहिए। वातावरण और व्यापार में जो उतार-चढ़ाव आया है उसे संभालना आवश्यक है। यदि आपको सफल होना है तो इस दौर में जो हालात है, उनके साथ समझौता करना ही बुद्धिमानी होगी।

LIBRA (23 Sep - 22 Oct): आज सुबह से ही कुछ अजीब सा महसूस आपके अंदर पैदा बना रहेगा। घर के दैनिक कार्य में कुछ अड़चनों के बाद ही पूरे हो होंगे। आपी दिनों से व्यापार व्यवसाय की स्थितियों में नजुकता चल रही है। व्यापार क्षेत्र में जो उतार-चढ़ाव आया है, वह किसी आपके लिए ही नहीं है, हालांकि इससे जल्द बाहर आ जाएंगे।

SCORPIO (23 Oct - 21 Nov): कई बार आप न चाहते हुए भी ऐसे दौर में फंस जाते हैं, जहां से निकलने पर आपको जद्दोजहद करनी पड़ती है। आज भी कारोबार की कुछ ऐसी ही उलझन आपको परेशान कर रही है। यदि आप अपना मार्ग सरल और सीधा बनाना चाहते हैं तो आप यहीं करें, जिससे तत्काल लाभ नहीं मिलता है।

SAGITTARIUS (22 Nov - 21 Dec): शेयर बाजार के व्यापार में पहाड़ार आपने काफी धन नष्ट कर दिया है। यदि धन कमाने के ये जोखिम भरे काम सभी को रास आते तो लोग मोहना मजदूरी क्यों करते। बेहतर है आप कारोबार के अपने पुराने रास्ते पर लौट आएं और आए दिन जो नुकसान हो रहा है उससे बचने की कोशिश करें।

CAPRICORN (22 Dec - 19 Jan): आज आपके अंदर खूब सारी उर्जा और उत्साह का संचार होगा। छुट्टी के बावजूद खूब सारा काम निपटा देने की इच्छा जगेगी। लेकिन आपके कार्यक्षेत्र में काम उतने स्पीड से नहीं चल रहा होगा, जितना काफी में चलता है। आपको सभी चीजें अपने कंट्रोल में लेनी पड़ सकती हैं।

AQUARIUS (20 Jan - 18 Feb): लंबे समय तक सघर्ष करने के बाद अब आपको लगेगा कि कहीं बैठकर एकांत में कुछ समय गुजारना चाहिए। यह समय अपने स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देने का है अगर मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा तो परिश्रम करने में कठिनाई होगी। इससे भविष्य पर असर पड़ सकता है।

PISCES (19 Feb - 20 Mar): धन कमाने के लिए कई प्रयास के रास्ते आपको नजर आएंगे। आपके सहयोगी और पड़ोसी इस बात पर मतभेद रख सकते हैं कि कमाई करने के लिए कोई भी रास्ता बुरा नहीं है। जरूरत भी यह एक परामर्शदाती सोच है। किसी भी प्रतियोगिता में हार जीत होती रहती है, लेकिन मर्म से भटकना उचित नहीं है।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

बुध और सूर्य इस वर्ष आपके प्रमुख स्वामी रह रहेंगे, जो बुद्धि, आत्मविश्वास और मैत्रीय क्षमता को सशक्त करेंगे। जीव संहिता दोषहरी प्रथम सह मूल सप्तम केंद्र में स्थित होने से सबसे, सहोदरों और सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि के संकेत मिलते है। फरवरी के आ तक आपके सहयोगी और सपर्क आपके पक्ष में रहेंगे तथा उनका समर्थन आपको उत्साह प्रदान करेगा। मार्च और अप्रैल में आप अपनी बिखरी हुई उर्जा को समेटकर योजनाओं को व्यवस्थित करने में सफल रहेंगे। मई और जून में कुछ महत्वपूर्ण कार्यों के पूर्ण होने से संतोष और प्रसन्नता प्राप्त होगी। जुलाई तक कार्यक्षेत्र में नए अवसर और प्रगति के मार्ग खुलेंगे। अगस्त में व्यवसाय की स्थिति में सुधार होगा, जबकि नौकरीपेशा लोगों के लिए सितंबर का समय अनुकूल और लाभकारी रहेगा। अक्टूबर में पारिवारिक जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे और शिक्षा, ज्ञान तथा विज्ञान के प्रति विशेष रुचि बढ़ेगी। नवंबर से दिसंबर के अंत तक कार्यों में आ रही बाधाएं धीरे-धीरे समाप्त होंगी और सफलता के नए अवसर प्राप्त होंगे। महिलाओं के लिए यह वर्ष आर्थिक दृष्टि से विशेष रूप से शुभ रहेगा। शिक्षार्थियों को नवंबर में सामान्य परिश्रम से ही इच्छित सफलता प्राप्त होने के प्रबल योग हैं।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(बृहस्पतिवार, 19 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 30, शक संवत 1947, फाल्गुन शुक्ल द्वितीया, बृहस्पतिवार, विक्रम संवत 2082। सौर फाल्गुन मास प्रविष्टे 8, रमजान 1, हिजरी 1447 (मुस्लिम), उट्ट अनुसार अक्षेणी तारीख 19 फरवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, बसंत ऋतु। राहु काल अपराह्न 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे तक। द्वितीया तिथि अपराह्न 3 बजकर 59 मिनट तक के बाद तृतीया तिथि का आरंभ। पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र रात 8 बजकर 52 मिनट तक के बाद उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का आरंभ। सिद्ध योग रात 8 बजकर 43 मिनट तक के बाद साध्य योग का आरंभ। कौलव करण अपराह्न 3 बजकर 59 मिनट तक के बाद गर करण का आरंभ। चंद्रमा अपराह्न 3 बजे तक कुंभ के बाद मीन राशि पर संचार करेगा।

सुडोकू

		2					4	7
		5		9	2			
6			7	4			9	
				1	9	7		2
4								6
8		1	2	3				
	6			5	1			3
			3	8		6		
9	3					4		

TELEVISION

big magic

09:00 बबलू डबलू	13:30 भ से भड़े
10:00 बड़बुध बुडबक	14:00 खजांची अजेय कृष्णा
11:00 रुद्र के रक्षक	15:00 टिंटिल कृष्णा
12:00 खजांची अजेय कृष्णा	17:00 बबलू डबलू
12:30 हम पाप	18:00 खजांची अजेय कृष्णा
13:00 रुद्र के रक्षक	

ATS दस्ता बनाने के प्रपोजल को सीएम ने दी मंजूरी, 5 विभाग होंगे

प्रस्ताव वित्त विभाग को, गुड़गांव में एटीएस का पुलिस स्टेशन होगा

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

हरियाणा में बहुत जल्द आतंकवाद विरोधी दस्ता (एटीएस) का गठन किया जाएगा। गृह विभाग के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सोमवार की रात स्वीकृति प्रदान कर दी है। गृह विभाग ने प्रस्तावित एटीएस के गठन को लेकर प्रस्ताव भी सार्वजनिक कर दिया है। सीएम की मंजूरी के बाद प्रस्ताव को वित्त विभाग के पास भेज दिया गया है। पांच विभाग होंगे, गुड़गांव में एटीएस का पुलिस स्टेशन होगा सरकारी प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि मंत्रालय की ओर से 2023 और 2024 में नई दिल्ली में आयोजित आतंकवाद विरोधी सम्मेलन में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ओर से एक समान अखिल भारतीय आतंकवाद विरोधी दस्ते तैयार करने का निर्णय लिया गया था। इसी के तहत 17 जनवरी 2025 को एक पत्र हरियाणा सरकार को भी भेजा गया था। ड्राफ्ट योजना में प्रस्ताव में दिया गया है कि पंचकूला में मुख्यालय के साथ सीआईडी के अंतर्गत एक आतंकवाद-विरोधी दस्ता (एटीएस) सेंटर स्थापित किया जाए। एटीएस के उद्देश्य, संरचना और गठन गृह मंत्रालय द्वारा दिए गए मॉडल के अनुसार तैयार किए गए हैं।

17 जनवरी 2025 को पत्र हरियाणा सरकार को भी भेजा गया था।

स्पेशल फोर्स राज्य का एक हाईटेक आतंकवाद-रोधी बल होगा, जो एनएसजी की तर्ज पर गठित किया जाएगा। एटीएस के प्रस्ताव में दिया गया है कि एसपी-कमांडो के पद का नाम बदलकर एसपी-स्पेशल फोर्स कर दिया जाए और इसे एडीजीपी-सीआईडी के नियंत्रण में एटीएस के हिस्से के रूप में रखा जाए। नेक्सल स्थित कमांडो कॉम्प्लेक्स और पंचकूला स्थित सीआईडी के कमांडो प्रशिक्षण केंद्र का संचालन और रखरखाव एनएसजी की तर्ज पर किया जाएगा। इंटेलिजेंस और ऑपरेशन डिपार्टमेंट आतंकी घटनाओं की मॉनिटरिंग करेंगे।

DSP-कॉन्स्टेबल का बढ़ेगा अलाउंस

गुरुग्राम में एक अलग एटीएस पुलिस स्टेशन बनाया जाएगा। खास बात यह है कि एटीएस में शामिल होने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के लिए स्पेशल अलाउंस को बेसिक वेतन के तहत 30 प्रतिशत तक बढ़ाया जाएगा। एटीएस का नेतृत्व पुलिस महानिरीक्षक करेंगे। एटीएस के अंतर्गत 5 विंग बनाए जाएंगे। इसमें पहला विंग स्पेशल फोर्स का होगा। इसके तहत एसीजीपी-स्पेशल फोर्स आएंगे। इसके अलावा दूसरे नंबर पर इंटेलिजेंस और ऑपरेशन डिपार्टमेंट बनाया जाएगा।

RTI का अफसरों पर 2.94 करोड़ जुर्माना बकाया

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : हरियाणा सरकार ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए, हरियाणा सूचना अधिकार आयोग द्वारा लगाए गए दंड की समयबद्ध वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने मंगलवार को सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों और निगमों के मुख्य प्रशासकों एवं प्रबंध निदेशकों, मंडल आयुक्तों तथा उपायुक्तों को इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य सूचना आयोग द्वारा सूचना का अधिकार के अंतर्गत सूचना उपलब्ध कराने में विलंब के मामलों में दोषी राज्य जन सूचना अधिकारियों (एसपीआईओ) पर प्रति मामले 250 रुपये प्रतिदिन की दर से, अधिकतम 25,000 रुपये तक दंड लगाया जाता है। वर्तमान में अपरटीआई का अफसरों पर दो करोड़ 94 लाख 87 हजार रुपये से अधिक की राशि लंबित है।

पब्लिक की राय से बनेगा बजट : सीएम

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को कहा कि 20 फरवरी से शुरू होने जा रहा हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र प्रदेश के विकास की दिशा, को सशक्त आधार प्रदान करेगा। हरियाणा में 2026-27 का बजट जनता के सुझावों पर ही बनेगा। बजट बैठकों में 2199 सुझाव मिले, एआई से 12 हजार 400 राय मिली। पिछले साल पि बजट की 248 में से 77 घोषणाएं पूरी हो गई हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 19 सितंबर 2024 को जारी किए गए संकल्प पत्र के 217 वादों में से 60 वादे पूरे किए जा चुके हैं और 120 वादों पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। 17 मार्च 2025 को उन्होंने विधानसभा में बजट वित्त मंत्री अपना पहला बजट प्रस्तुत किया था। उस बजट वर्ष में 248 घोषणाएं की गई थीं। इनमें से 77 बजट घोषणाएं पूरी कर ली गई। वर्ष 2026-27 के लिए बजट की प्रक्रिया जारी है।

अंबाला में जम्मू से फरार दो पाकिस्तानी गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, अंबाला

जम्मू के आरएस पुरा स्थित बाल सुधार गृह से 16 फरवरी को फरार हुए दो पाकिस्तानी नागरिकों को अंबाला एसटीएफ ने काबू कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान एहसान अनवर और मोहम्मद सनाउल्लाह (20) के रूप में हुई है। एसटीएफ ने दोनों को अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन से उस समय काबू किया जब वह संभवतः किसी ट्रेन के जरिए ठिकाना बदलने की फिराक में थे। पुलिस की गिरफ्त से इन पाकिस्तानियों के दो साथी एटीएस को चकमा देकर निकल गए। एसटीएफ ने दोनों पाकिस्तानी नागरिकों को जम्मू पुलिस के हवाले कर दिया है।

आरोपियों के दो साथी एटीएस को चकमा देकर निकल गए।

बॉर्डर क्रॉस कर आए थे आरोपी

एसटीएफ के एसपी विक्रांत भूषण ने मंगलवार को बताया कि दोनों पाकिस्तानी नागरिक जम्मू के आरएस पुरा स्थित बाल सुधार गृह में बंद थे। 17 फरवरी 2026 को पुलिसकर्मियों पर अचानक हमला कर दोनों चकमा देकर फरार हो गए थे। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रेड अलर्ट जारी किया था और पड़ोसी राज्यों की पुलिस को भी सूचित किया गया था। सेंट्रल एजेंसी से मिले इनपुट पर आरोपियों को एसटीएफ ने पकड़ा। दो संदिग्ध युवक रेलवे स्टेशन के आसपास देखे गए। एसटीएफ की टीम ने बिना देरी किए घेराबंदी की और दोनों को धर दबोचा।

बजट सेशन में काम रोको प्रस्ताव लाएगी कांग्रेस

■ NBT न्यूज, रोहतक : हरियाणा विधानसभा सत्र के दौरान कानून व्यवस्था के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी काम रोको प्रस्ताव लाएगी। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंगलवार को रोहतक में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। उन्होंने हरियाणा में बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि आज संगठित अपराध के मामले में हरियाणा, देश में नंबर वन है। प्रदेश में इस समय 50 से 60 गैंग काम कर रहे है। डॉक्टरों और व्यापारियों को रंगदारी के लिए धमकियां मिल रही है। उर की वजह से पुलिस में रिपोर्ट भी दर्ज नही कराते। प्रदेश में बढते अपराधों की वजह से उद्योग पलायन कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पूरी तरह से विफल सरकार है।

हुड्डा ने कहा, 50 से 60 गैंग काम कर रहे है। डॉक्टरों और व्यापारियों धममियां मिल रही है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने केथल के गुहला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक देवेंद्र हंस पर केस दर्ज करने का विरोध किया। दरअसल देवेंद्र हंस ने एक महीने पहले प्रदर्शन के दौरान एसडीएम प्रमेश सिंह को झुनझुना थमा दिया था। थमाते हुए कहा था कि पकड़ो और जाकर बजाते रहो। एसडीएम ने इस बारे में पुलिस में शिकायत दी थी। जिस पर अब विधायक और उसके 4 साथियों पर केस दर्ज किया गया है। इसी पर हुड्डा ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात कहने के लिए विरोध का यही तरीका है, इसके बावजूद विधायक पर केस दर्ज किया गया है।

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad logon to ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

Publications	Rates per sq. cms
TOID Capital + NBT (Delhi+NCR)	1295
TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR)	1360
THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR)	780
THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run##	900
NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR)	595
THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR)	715
SANDHYA TIMES (Delhi)	100

Rates effective 5th June 2019

► *Placement on specified obit pages only. ► This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ► ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ► TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj: 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that will help us cope with your loss". Three words that help us cope with your loss.

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.

Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

Publications	Total Outlay
The Times of India Delhi/NCR	5,600
TOI-NBT (Delhi/NCR)	8,800
TOI+IT (Delhi/NCR)	6,600

Minimum 10 lines

SPACE FOR PHOTO

The rate per sq cms is Rs 40 for TOI, Rs 35 for NBT and Rs 25 for IT. Extra charges apply for Photo, Frame, Logo.

Text type - Times Roman, Font size - 10 pt, Leading - 2 pt, Margin - 2 mm, Frame - 0.5 pt, Text Alignment - Left justified

REMEMBRANCE SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES interact
To book your ad Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I, Deepak S/O Sh Charan Singh R/o flat No- 301, Tower-C, Police Line, Gurugram, Haryana-122001 have changed my name from Deepak to Deepak Bhakhar for all future purposes.

मैं, भगवंती माता आर्मी नंबर 17013420एक्स, रैंक हवलदार/एच.एम.टी. प्रवीण यादव निवासी गांव चांदनबास, डाकखाना आसियाकी गौरावास, तहसील व जिला रेवाड़ी (हरियाणा) सूचित करती हूं कि मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम भगवंती व जन्मतिथि 21.08.1965 गलत दर्ज है। मेरे दस्तावेजों के अनुसार भविष्य में सभी उद्देश्यों हेतु मेरा सही नाम भगवती व सही जन्मतिथि 01.01.1963 है। मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरे सही नाम भगवती व सही 01.01.1963 जन्मतिथि दर्ज की जाए।

मैं, विपिन यादव पुत्र श्री साहबेर यादव निवासी मकान नंबर-129, ग्राम सलवारुर, सेक्टर-51, गुड़गांव, हरियाणा-122003, मैंने अपने नाबालिग पुत्र का नाम बदलकर वीरेन से वीरेन यादव रख लिया है। भविष्य में अब सभी कार्यों के लिए मेरे पुत्र की पहचान वीरेन यादव के नाम से की जाए।

I Chander Kala W/o Army No. 01252242X Rank NAIK Late Sh. Chattar Pal R/o Vill Mokalawas, Teh. Manesar, Distt. Gurugram Haryan 122413 have change my name and dob from Chandra Kala Devi 30.08.1948 to Chander Kala 24.10.1955.

I Mahesh alias Sharadha W/o Sh. Ajay Kumar R/o House No. 558/11, Nehru Lane, Gurugam 122001 Haryana inform that Mahesh alias Sharadha both are one and same person.

I Sumit Ranjan S/o PR Dev Sharma R/o Flat No F301, Times Residency Sector 65, Wazirabad (75) Gurgaon Haryana 122002 have changed the name of my minor daughter Dipannita Devsharma aged 09 years and she shall hereafter be known as Dona Devsharma.

I, Garvit Batra s/o Harish Batra H.N. 175/23 DLF Colony Rohtak (HR) have changed my father's name in all my Documents from Harish to Harish Batra for all future purpose.

I Rajendr Kumar Bontra S/o Kundan Lal Bontra R/o H.No-F10 JP Nagar Rewa M.P have changed my name to Rajendra Kumar Bontra for all purpose.

I, Kumar Udyan Kohli s/o Sh. Surinder Kohli R/o E-106, Mahindra Lifespace Aura, sec-110A, Gurgaon, Haryana-122017 have changed my father's name as my educational documents from Surender Kohli to Surinder Kohli for all future purposes.

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

मैं, धनजीत यादव पत्नी दिनेश सिंह यादव निवासी 127, द्वितीय तल, मोतयाल अपार्टमेंट, सेक्टर 80, गुरुग्राम हरियाणा घोषणा करती हूं कि मेरे पति स्व श्री दिनेश सिंह यादव पुत्र स्व श्रा कुमार यादव की मृत्यु 26.03.2020 को हो गई है और वह अपने पीछे निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी छोड़ गए हैं: 1. धनजीत यादव (पत्नी), 2. रंजन यादव (पुत्र), 3. हिमेंशु मलोत्रिया (पुत्र) उपर लिखित के अलावा कोई अन्य कानूनी उत्तराधिकारी नहीं है। यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 15दिनों के भीतर लाजीतपुरा कलोनाबाद, गुरुग्राम हरियाणा के यहां आपत्ति दर्ज कर सकता है।

खोया एवं पाया

खोया - पाया
हम, कुल्ला शर्मा (पत्नी मोहित शर्मा) और मोहित शर्मा (पत्नी कुलदीप शर्मा), निवासी मकान नंबर 5497, सेक्टर-21, फॉर्मेट-बी, गुरुग्राम, हरियाणा, में आइकोनिक मैन्शनाइट प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर दिनांक 18.06.2013 को जारी मूल बिक्री विलेख संख्या 755 को दिया है, जो औपचारिक फ्लाट संख्या सी-602, ग्राउन्डफ्लर इंफ्रास्ट्रक्चर पार्क, ग्राम धनकोट, गुरुग्राम (हरियाणा) से संबंधित है गुम होने की तिथि: 14.02.2026, गुम होने का स्थान: ग्राउन्ड विहार, सेक्टर-21, गुरुग्राम।
यदि किसी को मिले तो कृपया इसका गुरुग्राम में वापसी के लिए निम्नलिखित व्यक्तियों को सम्पर्क करें:-
कुल्ला शर्मा : 9911140276
मोहित शर्मा : 9891893463

मैं, लक्ष्मीलाल पत्नी स्व. श्री बलवीर राज निवासी मकान नंबर-2 /36 शिवजी नगर, गुरुग्राम, हरियाणा-122001, मेरा पुत्र भानुप्रताप जो बालिग है वे साहिबाबाद है, जो मेरे साथ-साथ गुरुग्राम के बाहर है, अपनी मनमानी करता है, जिसमें मेरेपरा होकर मैं अपने पूरे होशोहवास में सहका अपने पुत्र भानुप्रताप को अपनी सभी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं, भविष्य में उससे किसी भी तरह का लेन-देन करने वाला व संबंध रखने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।

फायरिंग का आरोपी सिंगर समेत तीन गिरफ्तार

